शोधशौर्यम्

Website : http://shisrrj.com

ISSN : 2581-6306

Peer Reviewed and Refereed International Journal


: Editor-In-Chief :

Dr. Raj Kumar





Volume 4, Issue 4, July-August-2021


# SHODHSHAURYAM INTERNATIONAL SCIENTIFIC REFEREED RESEARCH JOURNAL


Email: editor@shisrrj.com

Publisher Address :

3 & 4, Sterling Plaza,
Indira Circle, 150 Feet Ring Road,
Rajkot-360005, Gujarat, India

# शोधशौर्यम्

# Shodhshauryam

**International Scientific Refereed Research Journal**

**[ Frequency: Bimonthly ]**

ISSN : 2581-6306

Volume 4, Issue 4, July-August-2021

International Peer Reviewed, Open Access Journal
Bimonthly Publication

Published By
Technoscience Academy

Website URL : www.technoscienceacademy.com

# Advisory/Editorial Board


**Editor-In-Chief**

- **Dr. Raj Kumar**
  SST, Palamu, Jharkhand, India

---

**Associate Editor**

- **Prof. Dr. H. M. Srivastava**
  Department of Mathematics and Statistics, University of Victoria, Victoria, British Columbia, Canada
- **Dr. Ashok Kumar Mishra**
  Assistant Professor (Vyakaran), S. D. Aadarsh Sanskrit College Ambala Cantt Haryana, India
- **Prof. Ajit Singh**
  Assistant Professor, Department of MCA, Patna Women's College, Patna, Bihar, India
- **Dr. Somanath Dash**
  Assistant Professor, Department of Research and Publications, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India
- **Dr. Raj Kumar Mishra**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Central Sanskrit University Vedavyas Campus Balahar Kangara Himachal Pradesh, India

---

**Executive Editor**

- **Dr. Sheshang D. Degadwala**
  Head of Computer Department, Sigma Institute of Engineering, Vadodara, Gujarat, India

---

**Editors**

- **Dr. Ekkurti Venkateswarlu**
  Assistant Professor in Education, Sri Lal bahadur Sashtri National Sanskrit University, ( Central University ), New Delhi, India
- **Rajesh Mondal**
  Research Scholar Department of Vyakarana, National Sanskrit University, Tirupati, Andhra Pradesh, India

---

**Assistant Editors**

- **Dr. Virendra Kumar Maurya**
  Assistant Professor- Sanskrit, Government P.G. College Alapur, Ambedkarnagar, Uttar Pradesh, India

---

**International Editorial Board**

- **Dr. Agus Purwanto, ST, MT**
  Assistant Professor, Pelita Harapan University Indonesia, Pelita Harapan University, Indonesia
- **Onu Peter**
  Asst. Professor, Mechanical Engineering, Kampala International University, Kampala, Uganda
- **Dr. Morve Roshan K**
  Lecturer, Teacher, Tutor, Volunteer, Haiku Poetess, Editor, Writer, and Translator Honorary Research Associate, Bangor University, United Kingdom
- **Dr. Raja Mohammad Latif**
  Assistant Professor, Department of Mathematics & Natural Sciences, Prince Mohammad Bin Fahd University, P.O. Box 1664 Al Jhobar 31952, Kingdom of Saudi Arabia

- **Robbi Rahim**
  Faculty of Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Jl. Jend. Gatot Subroto Km. 4,5 Sei Sikambing, 20122, Medan, Sumatera Utara, Indonesia

- **Dr. Abul Salam**
  UAE University, Department of Geography and Urban Planning, UAE
  **Dr. Vaibhav Sundriyal**
  Department of Computer Engineering , Old Dominion University research Foundation, USA (Phd in Computer Engineering from Iowa State University, USA)

- **Dr. Katarzyna Pietrucha-Urbanik**
  Faculty of Civil and Environmental Engineering, Rzeszow University of Technology, Poland

- **Indrasen Poola**
  Data Scientist & Artificial Intelligence - Industry Consultant & Professional Researcher, Palo Alto Networks, Santa Clara, CA, USA

- **Dr. Mohd Muntjir**
  Information Technology Department, College of Computers and Information Technology, Taif University, Al-Hawiya, Taif, Kingdom of Saudi Arabia

- **Vaibhav Sundriyal**
  Research Scientist, Old Dominion University Research Foundation, USA

- **Dr. Elsadig Gamaleldeen**
  Assistant Professor, Omdurman Ahlia University, Sudan

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Bahce Kulturleri Merkez Arastırma Enstitusu, Gıda Teknolojileri Bolumu - Yalova

- **Frank Angelo Pacala**
  Samar State University, Samahang Pisika ng Pilipinas

- **Thabani Nyoni**
  Department of Economics Employers Confederation of Zimbabwe (EMCOZ) , University of Zimbabwe, Zimbabwe

- **Dr. Yasin Ozdemir**
  Ataturk Central Horticultural Research Institute, Department of Food Technologies, Yalova, TURKEY

- **Dr. Moustafa Mohamed Sabry Bakry**
  Plant Protection Research Institute, A.R.C, Dokii, Giza, Egypt
- **Dr. Muhammad Akram**
  Assistant Professor, Department of Eastern Medicine, Directorate of Medical Sciences, Faculty of Science and Technology, Government College University, Faisalabad, Pakistan
- **Dr. Andie Siahaan**
  Computer Science, Universitas Pembangunan Panca Budi, Indonesia
- **AbdulGaniyu Abdu Yusuf**
  Computer Science, National Biotechnology Development Agency (NABDA), Abuja, Nigeria
- **Dr. M. A. Ashabrawy**
  Computer Science and Engineering, Prince Sattm bin Abdulaziz University, Kingdom Saudi Arabia(KSA), Saudi Arabia
- **Lusekelo Kibona**
  Department of Computer Science, Ruaha Catholic University (RUCU) , Iringa, Tanzania
- **Md. Amir Hossain**
  IBAIS University/Uttara University, Dhaka, Bangladesh
- **Mohammed Noaman Murad**
  Department of Computer Science, Cihan University Erbil, Kurdistan Region, Iraq
- **Sanusi Abdullahi**
  Department of Physics, Usmanu Danfodiyo University Sokoto, Dundaye, Wamakko LGA, Nigeria
  Email : abdullahi.sanusi@udusok.edu.ng
- **Mahasin Gad Alla Mohamed**
  Assistant Professor, Kingdom Saudi Arabia, Jazan University, Faculty of Education - Female Section, Sabya
- **SK. Saidhbi**
  Assistant Professor, Department of Information Systems, University of Gondar, Ethiopia

Editorial Board


- **Dr. Kanchan Tiwari**
  Assistant Professor, Department of Sahitya, Uttarakhand Sanskrit University Haridwar, Uttrakhand, India
- **Dr. Ganeshwar Nath Jha**
  H.O.D Vyakaran Central Sanskrit University, Ekalavya Campus, Radha Nagar, Agartala Tripura, India
- **Dr. Anita Sengupta**
  Associate Professor, Sanskrit Department, Iswar Saran PG College, University of Allahabad, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Jitendra Tiwari**
  Assistant Professor, Sahitya, Rashtriya Sanskrit Sansthan, Eklavya Campus, Radhanagar, Agartala, Tripura, India
- **Dr. Sudheer Singh**
  Associate Professor, Amity School of Architecture And Planning, Amity University, Gwalior, Madhya Pradesh, India
- **Dr. Shilpa Shailesh Gite**
  Assistant Professor, Symbiosis Institute of Technology, Pune, Maharashtra, India
- **Dr. Shanti Lal Salvi**
  Assistant Professor, Department of Literature, Faculty of Sanskrit Studies, Banaras Hindu University, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ajay Kumar Dwivedi**
  Director, MIMT, N4/7 Karaundi Crossing , BHU, Varanasi, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Arvind Bijalwan**
  Associate Professor (Agroforestry), College of Forestry, VCSG Uttarakhand University of Horticulture and Forestry, (A State Government Autonomous University), Ranichauri, Distt.-Tehri Garhwal, Uttarakhand, India
- **K. Jagadeesh**
  Assistant Professor , Noble Group of Institutions, Villupuram, Tamil Nadu, India
- **Rohit Kumar Verma**
  Researcher & Writer, Institute of Law, Jiwaji University, Gwalior, Madhya Pradesh, India

- **Dr. R. Reka**
  Professor & Head, Department of Computer Science & Engineering, Annai Mathammal Sheela Engineering College, Tamil Nadu, India
- **Dr. Nilamadhab Mishra**
  Post Graduate Teaching & Research Department, School of Computing, Debre Berhan University, Ethiopia, India
- **Dr. S. Ramkumar**
  Department of Computer Applications, Kalasalingam University, Krishnankoil, Sirivilliputhur, Palani, Dindugal, Tamil Nadu, India
- **Prof. Umesh Sehgal**
  Associate Professor, GNA University, Phagwara, Punjab, India
- **Dr. Ikvinderpal Singh**
  Department of Computer Science & Applications, Trai Shatabdi GGS Khalsa College,Amritsar, Punjab, India
- **Dr. Bhasker Mishra**
  Assistant Professor, Department of Political Science, H.N.B.Garhwal Central University, SRT Campus, Badshahithaul, Tehri, Uttarakhand, India
- **Dr. Nirajkumar C. Mehta**
  Associate Professor, Institute of Technology and Management Universe, Vadodara. Gujarat, India
- **Dr. Ranjana Rajnish**
  Assistant Professor, Amity Institute of Information Technology(AIIT), Amity University, Lucknow, Uttar Pradesh, India
- **Dr. Ramu Nagarajapillai**
  Associate Professor and UGC Research Awardee, Department of Commerce, Annamalai University , Annamalai Nagar, Chidambaram, Tamil Nadu, India

# CONTENT


| Sr. No | Article/Paper | Page No |
|---|---|---|
| 1 | **मानसिक स्वास्थ्य एवं योग**<br>डॉ. विजय कुमार दाधीच | 01-09 |
| 2 | **शब्दशास्त्र महिमा आज के संबंध में**<br>डॉ. हरिशंकरमणि त्रिपाठी | 10-13 |
| 3 | **आयुर्वेद ग्रंथेषु गुणदोषाणां वैशिष्ट्यम्**<br>डा. दिनेश कुमार मालवीय, प्रोफेसर डा. ए. के. सोनकर | 14-17 |
| 4 | **माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के अभिभावक सम्बन्ध में संवेगात्मक बुद्धि का विश्लेषणात्मक सम्बन्ध**<br>डाॅ. प्रेमचन्द्र यादव | 18-34 |
| 5 | **स्कन्दपुराणकालिक शिक्षा व्यवस्था**<br>डाॅ0 वन्दना सिंह | 35-41 |
| 6 | **आधुनिक संस्कृतसाहित्य में गलज्जलिका ; काव्यशास्त्रीय दृष्टि**<br>डॉ. सन्दीप कुमार द्विवेदी | 42-47 |
| 7 | **नलोपः सुप्स्वरसंज्ञातुग्विधिषु कृति**<br>डॉ. सन्तोष माझी | 48-51 |
| 8 | **भारत-नेपाल सीमा-विवाद में चीनी हस्तक्षेप का भारत की सुरक्षा पर प्रभाव**<br>डॉ. नर्वदेश्वर पाण्डेय, राधा जायसवाल | 52-55 |

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# मानसिक स्वास्थ्य एवं योग



**डॉ. विजय कुमार दाधीच**
सहायकाचार्य, शिक्षाशास्त्र
केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर,
जयपुर, राजस्थान, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 01-09
**Publication Issue :**
July-August-2021
**Article History**
Accepted : 01 July 2021
Published : 05 July 2021

**सारांश-** वैश्विक कोरोना Covid-19 महामारी से व्यथित समग्र संसार के प्राणियों के जीवन संरक्षण, संवर्धन व निर्वहण में सहजता व सौम्यता के लिए एक अनेक आवश्यक, अनिवार्य एवं अपरिहार्य तत्त्वों की आवश्यकता होती है। ये तत्त्व जितने स्पष्ट, स्वस्थ एवं संतुलित होते हैं, जीवन उतना ही दिव्य, भव्य होता है। यही उसके जीवन की चाह भी होती है जिसके लिए वह प्रयत्न करता रहता है। प्रसन्नता और आनंद का अनुभव जीवन का शुक्ल पक्ष कहा जाता है। इसके विपरीत जीवन में दुःख, अशांति आदि को जीवन का कृष्ण पक्ष कहा सकता है। प्रायः व्यक्ति इन दो पक्षों का अनुभव अपने जीवन में करता रहता है। उसे कभी दुःख की अनुभूति होती है तो कभी सुख की। जीवन का यह क्रम चलता रहता है। व्यक्ति के इन दो पक्षों के अनुभव की स्थिति के एक नहीं बल्कि अनेक कारण हैं। उनमें एक महत्त्वपूर्ण कारण है मानसिक स्वास्थ्य। मानसिक स्वास्थ्य जहां व्यक्ति को विकास की ओर प्रेरित करता है तो वहीं दूसरी पतन का कारण भी बनता है। अतः इस लेख में मानसिक स्वास्थ्य को सन्तुलित रखने के लिए योग को साधन के रूप में कैसे अनुप्रयुक्त किया जा सकता है व मन को समझना, उसे कैसे प्रशिक्षित करना और सही दिशा में उसका उपयोग करना आदि विषयों के आलेख में विवेचना प्रस्तुत है। जिससे व्यक्ति अतीव सुख, शांति एवं आनंद को प्राप्त कर सके।

***कूट शब्द :-*** मन, मानसिक स्वास्थ, योग, आसन, प्राणायाम, ध्यान।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**1. मन का स्वरूप -** व्यक्ति के विकास में मन का महत्त्वपूर्ण योगदान है। मन अनेक विशेषताओं को अपने आप में समेटे हुए है। यह त्रिकालिक है। भूत, वर्तमान तथा भविष्य तीनों ही कालों में यह व्याप्त रहता है। स्मृति, चिंतन और कल्पना इसके प्रमुख कार्य हैं। सामान्यतया मन दृश्य जगत का विषय नहीं है। यह अदृश्य है, अमूर्त है। इसके बावजूद भी इसमें सभी इंद्रियों की विशेषताएं सन्निहित हैं। यह पांचों इद्रियों का कार्य तो कर ही सकता है साथ है इसमें अनेक शक्तियां भी है। इसीलिए शायद इसे छठी इंद्रिय से नवाजा गया है। मन को कभी राम की उपमा दी गई तो कभी रावण की, कभी पांडव से इसे नवाजा गया तो कभी कौरव से। मन विष है तो अमृत भी है, उच्छृंखल है तो विनम्र भी, चंचल है तो शांत भी। अतः मन के एक नहीं अनेक रूप हैं। इसके अनेक रूप व्यवहार के माध्यम से ही जाने जा सकते हैं, देखे जा सकते हैं। कहा भी गया है कि मनुष्य की सारी गतिविधियों और क्रियाकलापों का संचालन केन्द्र मनःसंस्थान हैं। सागर की लहरों की तरह शांत मन क्षेत्र में कितने ही उतार चढ़ाव आते रहते हैं। कभी तो वह समुद्र सा शांत, आकाश जैसा नीरव और शीतल वायु का स्पर्श करता हुआ बहता है तो कभी समुद्र में आने वाले ज्वार भाटे जैसा उफनता-उछलता रहता है। इच्छाएं, आकांक्षाएं, विचारणाएं, भावनाएं मन में ही उठती हैं तथा उनसे पूरा करने की योजना बनाने का कार्य भी उसी के जिम्मे है। मन की तीन अवस्थाएं है- अशांत, शांत और समाधि। सुलभ साधनों के अभाव अथवा साधन सुलभ होने पर भी असंतोष की अवस्था अशांत अवस्था है। मन में उद्वेगों के आवेश के अभाव की दशा शांत अवस्था है मन की समाप्ति की अवस्था समाधि की अवस्था है। यह ध्यान की अवस्था है। योग द्वारा मन का वर्णन शुद्ध और अशुद्ध दो रूपों में किया जाता है। तदनुसार शुद्ध और अशुद्ध मन में अंतर है। अशुद्ध मन इच्छा, आंकाक्षा तथा असुरक्षा की भावना के अधीन होता है। यह अहंकार तथा महात्माओं के द्वारा प्ेररित होता है। इस अशुद्ध मन के माध्यम से सुख-दुःख का अनुभव करते हैं। इससे स्पष्ट है कि मन खराब ही नहीं अच्छा भी है, चंचल ही नहीं शांत है, यहां तक कि यह अमन की अवस्था को प्राप्त करने में भी सक्षम है। यदि इसका सही उपयोग किया जाए व्यक्ति अपनी अनेक समस्याओं का समाधान स्वयं खोज सकता है। अप्रशिक्षित अवस्था में यह मनुष्य की अनेक समस्याओं का कारण बनता है तो प्रशिक्षित अवस्था में यह व्यक्ति के विकास में सहायक बनता है।

विद्वानों ने मन को भिन्न-भिन्न ढंग से व्याख्यायित किया है। विज्ञान की भाषा में मन शरीर का कोई अवयव नहीं है। वैज्ञानिकों के अनुसार जिसे मन कहा जाता है वह मस्तिष्कीय शक्तियों का ही एक विशिष्ट प्रकार से होने वाला प्रक्षेपण है।

मन मस्तिष्क की उस क्षमता को कहते हैं जो मनुष्य को चिंतन शक्ति, स्मरण-शक्ति, निर्णय शक्ति, बुद्धि, भाव, इंद्रियाग्राह्यता, एकाग्रता, व्यवहार, परिज्ञान (अंतर्दृष्टि), इत्यादि में सक्षम बनाती है। सामान्य भाषा में मन शरीर का वह हिस्सा या प्रक्रिया है जो

किसी ज्ञातव्य को ग्रहण करने, सोचने और समझने का कार्य करता है। यह मस्तिष्क का एक प्रकार्य है।

मनोविज्ञान में मन व्यवहार का महत्त्वपूर्ण घटक तत्त्व है जिसके तीन स्तर हैं-चेतन, अवचेतन और अचेतन। यौगिक शब्दावली के अनुसार यह एक शारीरिक नहीं बल्कि सूक्ष्म शक्ति है। योग इस गुण या विशेषता को एक शक्ति मानता है जो प्रत्येक प्रकार की जीवनी शक्ति और अभिव्यक्ति को निदेशित करती है। इसे महत् या महत्तर मन कहा गया है। महत् चार उपखंडों में विभाजित है-मन, बुद्धि, चित्त और अहंकार। महत् वह शक्ति है जो मानवीय अस्तित्व की संपूर्ण संरचना में व्याप्त है किन्तु यह इन चार उपखंडों में सर्वाधिक गत्यात्मक रूप से व्यक्त होता है। मन का संबंध विचार या चिंतन से है।

**2. मानसिक स्वास्थ**

व्यक्ति के स्वास्थ्य के अनेक आयाम है। मानसिक स्वास्थ्य भी उनमें महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। जैसा कि बताया गया है कि मन के प्रमुख कार्य हैं स्मृति, कल्पना और चिंतन। ये तीनों ही व्यक्ति के विकास में सहायक बनते है। यदि इनका संतुलित विकास है तो व्यक्ति अपने जीवन में सफलता को प्राप्त कर सकता है। दूसरी ओर यदि ये तीनों ही असंतुलित हों तो व्यक्ति का व्यवहार भी असंतुलित हो जाता है। अतः स्पष्ट है कि स्मृति, चिंतन और कल्पना में संतुलन स्थापित होने से ही अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है। मनोवैज्ञानिकों ने मानसिक स्वास्थ्य को निम्न प्रकार से परिभाषित करता है-

**मेनिंगर (1999)** मानसिक स्वास्थ्य अधिक प्रसन्नता तथा प्रभावशीलता के साथ वातावरण तथा उसके प्रत्येक व्यक्ति के साथ मानव समायोजन है। वह एक संतुलित मनोदशा, सतर्क बुद्धि, सामाजिक रूप से मान्य व्यवहार तथा एक प्रसन्नचित्त बनाए रखने की क्षमता है। **स्ट्रेंजर (2003)** के अनुसार मानसिक स्वास्थ्य से तात्पर्य वैसे सीखे हुए व्यवहार से होता है जो कि सामाजिक रूप से अनुकूल होते हैं और जो व्यक्ति को अपने जीवन के साथ पर्याप्त मुकाबला करने की अनुमति देता है।

इन परिभाषाओं से भी यही स्पष्ट है कि व्यक्ति में मानसिक प्रसन्नता तथा सामाजिक समायोजन करने की क्षमता ही महत्त्वपूर्ण है जिससे वह अनेक समस्याओं का समाधान स्वयं खोज सकता है।

इसके विपरीत यदि व्यक्ति का व्यवहार में अनेक प्रकार की निषेधात्मक अथवा असंतुलित प्रवृत्तियां पाई जाती हैं तो वह मानसिक अस्वस्थता का लक्षण माना जा सकता है। मानसिक अस्वस्थ्ता को परिभाषित करते हुए **डेविस मेकेनिक (2014)** कहते है कि-मानसिक बीमारी (अस्वस्थ्ता) एक तरह का विचलित व्यवहार है जिसमें व्यक्ति की चिंतन प्रक्रियाएं, भाव एवं व्यवहार सामान्य प्रत्याशाओं एवं अनुभतियों से भिन्न या अलग होता है और प्रभावित व्यक्ति या समाज इसे ऐसी समस्या के रूप में पहचान करता है जिसमें नैदानिक हस्तक्षेप आवश्यक हो जाता है।

इससे स्पष्ट है कि नैदानिक हस्तक्षेप की आवश्यकता होना मानसिक अस्वस्थता का लक्षण है। अन्यथा व्यक्ति के जीवन में अनेक उतार-चढ़ाव आते ही रहते हैं जिनका प्रभाव एक समय विशेष पर स्वतः ही कम हो जाता है। मनावैज्ञानिक दृष्टि से मानसिक अस्वस्थ्ता के अनेक कारण हो सकते हैं जिनमें भावों को प्रमुख माना गया है। महान **दार्शनिक अरस्तु** का कहना है कि भावनाओं का काया पर इसी प्रकार आधिपत्य रहता है जैसा मालिक का नौकर पर, स्वामी का गुलाम पर। भाव चिंतन की स्वच्छता जहां शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य को अक्षुण्ण्य बनाए रखती है वहीं उसकी विकृति अनेकानेक बीमारियों का कारण बनती है। इस तथ्य की पुष्टि मनावैज्ञानिक एवं मनः चिकित्सकों ने अब तक गहन अध्ययन एवं अनुसंधान के आधार पर की है। मानसिक समस्याओं से निपटने के लिए भाव को समझना नितांत आवश्यक है। भाव हमारे व्यक्तित्व के गहनतम अंतराल का स्रोत है। भाव का स्रोत है सूक्ष्म शरीर। सारे भाव सूक्ष्म शरीर में उत्पन्न होते हैं और वहां से छनकर स्थूल शरीर में आते हैं। वे ही भाव हमारे शरीर, मन और वाणी को प्रभावित करते हैं। उनमें अपना चैतन्य उड़ेल देते हैं। तब हमारा शरीर, मन और वाणी संचेत हो जाते हैं।अतः भावों का परिष्कार, भावना की शुद्धि मानसिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक नहीं नहीं वरन् अनिवार्य भी है।

**3. मानसिक स्वास्थ्य एवं योग**

योग भारत की अमूल्य निधि है। प्राचीन काल से ही इसकी उपयोगिता निर्बाध रूप से चली आ रही है। इस निर्बाध गतिशीलता से यही स्पष्ट होता है कि वास्तव में योग जीवन का महत्त्वपूर्ण पक्ष है जिसे अपनाकर, इसका सही उपयोग कर व्यक्ति सुखी एवं शांत स्थिति को प्राप्त कर सकता है। 'योग विज्ञान का मूल सिद्धांत है कि चित्त वृत्तियों का निरोध। '**योगश्चित्तवृतिनिरोधः**' अर्थात् मस्तिष्क की आत्यांतिक सक्रियता को नियंत्रित करके उसकी चेतना शक्ति के विकास में नियोजित कर लेना। निःसंदेह यह संपूर्ण विज्ञान सम्मत प्रक्रिया है और इसके लाभ अलौकिक उपलब्धियों के रूप में देखे जा सकते हैं। समाधि की स्थिति में पहुंचा हुआ व्यक्ति जब चित्त वृत्तियों का पूरी तरह से लय कर देता है इस स्थिति में त्रिकालदर्शी और विश्व की जड़ चेतन सत्ता को भी प्रभावित करने में समर्थ बन जाता है। इसमें न कोई आश्चर्य जैसी कोई बात है और न ही कोई असंभव कल्पना। वास्तव में व्यक्ति की बिखरी हुई मनःशक्ति ही अनेक समस्याओं का कारण है। इसीलिए योग में चित्त निरोध, मनोनिग्रह अथवा मन पर नियंत्रण, अनुशासन की बात आती है। यह कार्य सरल नहीं, कठिन अवश्य है लेकिन जिसे मानसिक शांति प्राप्त करनी हो, उसे तो इस मार्ग का चयन करना चाहिए। बिना तपे, बिना खपे अथवा बिना पुरुषार्थ के किसी भी कार्य की परिणति नहीं मिल सकती। अतः पुरुषार्थ आवश्यक है। कहा भी है कि जो व्यक्ति मन की समस्याओं को सुलझाना चाहता है, मानसिक शांति को घटित करना चाहता है तो उसे गहराई में जाना ही होगा। उसे अनेक तथ्यों का ज्ञान करना होगा। कहा भी गया है कि मनुष्य की गरिमा उसकी

भारी भरकम काया में नहीं वरन् संतुलित मनःस्थिति से है। अतः स्पष्ट है कि मानसिक संतुलन आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है।

योग का लक्ष्य व्यक्ति की अशुद्ध मनःस्थिति से शुद्ध मनःस्थिति तथा बिखरी हुई इच्छा की अवस्था से संतुलित इच्छा की अवस्था की ओर ले जाना है। उस अवस्था में इच्छा सकारात्मक, रचनात्मक तथा आत्मोन्नति का कारण बन जाती है। अतः योग व्यक्ति के आतंरिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। जब आतंरिक परिवर्तन होता है तो बाह्य परिस्थितियों पर स्वतः ही नियंत्रण स्थापित किया जा सकता है। वैज्ञानिक दृष्टि से योग नाड़ी-ग्रंथितंत्र के क्रियाकलापों में संतुलन स्थापित किया जा सकता है। यह स्पष्ट है कि नाड़ी ग्रंथितंत्र के असंतुलन से व्यक्ति के व्यक्तित्व में अनेक प्रकार के नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं जिसमें मानसिक स्वास्थ्य भी एक है। दूसरी ओर मनोवैज्ञानिक दृष्टि से अचेतन ही व्यक्ति के व्यवहार के लिए उत्तरदाई होता है। अचेतन में जैसे संस्कार भरे होते हैं व्यक्ति का व्यवहार भी उसी के अनुरूप होता है। यदि अचेतन में निषेधात्मक विचारधाराएं, अनेक प्रकार की ग्रंथिंया भरी पड़ी होती हैं तो व्यक्ति का व्यवहार उससे प्रभावित हुए बिना रह नहीं पाता है। अतः मनोवैज्ञानिक दृष्टि से योग अचेतन को परिष्कृत करता है। इससे स्पष्ट है कि योग प्रणाली व्यक्ति के स्वास्थ्य को, उसके व्यवहार को वास्तव में सकारात्मक दिशा में प्रभावित करता है। योग अपने आप में बहुत व्यापक है। इसके अंतर्गत एक नहीं बल्कि अनेक अंग, उपांग अथवा प्रणालियां हैं जो अपने आप में बहुत महत्त्वपूर्ण हैं लेकिन ऐसा नहीं कहा जा सकता है कि केवल कोई भी अंग, कोई भी प्रणाली अपने आप में सभी दृष्टियों से पर्याप्त है। उसके साथ में अनेक प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है। हां! इतना अवश्य ही कहा जा सकता है कि यदि समस्या के अनुरूप यौगिक अभ्यास किया जाए तो हो सकता है कि एक ही प्रयोग पर्याप्त होगा अन्यथा कई बीमारियों में योग के भिन्न-भिन्न प्रयोग भी सम्मिलित करना आवश्यक हो जाता है। शायद इसीलिए हमारे ऋषि मुनियों ने योग की अनेक प्रक्रियाएं बताई हैं। पतंजलि ने आठ अंगों को प्राथमिकता दी है जिसमें यम नियमों से लेकर समाधि तक की व्यवस्था की गई है। इससे भी स्पष्ट है कि व्यक्ति को शिखर पर चड़ने के लिए अनेक मार्गों से होकर गुजरना होता है। तब जाकर कहीं मजिल मिलती है।

योग की उच्चावस्था समाधि, मोक्ष, कैवल्य आदि तक पहुँचने के लिए अनेकों साधकों ने जो साधन अपनाये उन्हीं साधनों का वर्णन योग ग्रन्थों में समय समय पर मिलता रहा। उसी को योग के प्रकार से जाना जाने लगा। योग की प्रामाणिक पुस्तकों में शिवसंहिता तथा गोरक्षशतक में योग के चार प्रकारों का वर्णन मिलता है -

**मंत्रयोगों हष्ष्चैव लययोगस्तृतीयकः।**
**चतुर्थो राजयोगः (शिवसंहिता , 5/11)**
**मंत्रो लयो हठो राजयोगन्तर्भूमिका क्रमात्**
**एक एव चतुर्धाऽयं महायोगोभियते॥ (गोरक्षशतकम् )**

जैन आचार्य महाप्रज्ञ ने प्रेक्षा ध्यान योग के आठ मुख्य अंगों कायोत्सर्ग (शिथिलीकरण), अंतर्यात्रा, श्वासपे्रक्षा, शरीरपे्रक्षा, चैतन्यकेन्द्र पे्रक्षा, लेश्याध्यान, भावना और अनुपे्रक्षा को प्रमुख माना है। इससे भी स्पष्ट है कि व्यक्ति अपनी रुचि, अपनी क्षमता और अपनी समस्या के अनुरूप ध्यान योग का प्रयोग कर सकता है। अतः योगियों द्वारा बताई गई विभिन्न ध्यान योग की प्रणालियां निम्न हैं जिनके द्वारा मानसिक शांति, मानसिक स्वास्थ्य को प्राप्त किया जा सकता है-

**1. यम-नियम**

अष्टांग योग के अंतर्गत यम-नियमों का भी अपना महत्त्वपूर्ण स्थान है। यदि व्यक्ति का आचार-व्यवहार सकारात्मक हो, संतुलित हो तो वह अनेक समस्याओं से बच सकता है। व्यक्ति के आचार-व्यवहार में यदि अनेक विकृतियां होती हैं तो वह व्यक्ति मानसिक रूप भी स्वस्थ नहीं रह सकता है। अतः आचार-व्यवहार शुद्धि मानसिक स्वास्थ्य के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध होता है।

**2. आसन**

आसन व्यक्ति जीवन में कई तरह से उपयोगी सिद्ध होते हैं। पतंजलि ने भी कहा है कि आसनों से द्वंद्व हो सहने की शक्ति प्राप्त होती है। सामान्यतया व्यक्ति विपरीत परिस्थितियों में असंतुलित हो जाता है। आसन उसे दृढ़ता प्रदान करने में सहायक हेते हैं। कहा जाता है स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन रहता है। शरीर की स्वस्थ्ता मन को प्रसन्न रखती है। इसलिए व्यक्ति मानसिक प्रसन्नता अथवा मानसिक संतुलन की अवस्था में विपरीत परिस्थितियों में भी संतुलन रखने की सामथ्र्य पा जाता है। वैज्ञानिक दृष्टि से आसनों के अभ्यास से शरीर में लचीलापन आता है, रक्त का परिसंचरण उचित रूप से होता है, ग्रंथितंत्र संतुलित बनता है जिससे शरीर स्वस्थ रहता है। शरीरिक स्वस्थता से मन भी स्वस्थ रहता है। कहा भी गया है कि आसनों के अभ्यास द्वारा व्यक्ति मन की गति, प्रकृति, गुणों मजबूतियों और कमजोरियों को समझने लगता है। जब व्यक्ति को मन को समझने लग जाता है तो वह उसे अस्वस्थ होने से बचा भी सकता है।

**3. प्राणायाम**

प्राणायाम प्राण को स्वस्थ एवं शक्तिशाली बनाने का महत्त्वपूर्ण उपक्रम है। जीवन का आधार प्राण है। प्राणशक्ति की मजबूती व्यक्ति को अनेक विकारों से बचाती है। अतः योग परंपरा में एक नहीं अनेक प्राणायाम योगियों द्वारा निर्देशित हैं। योग में इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना ये तीन प्रमुख नाड़ियां बताई गई हैं। इड़ा-पिंगला का संबंध विज्ञान सम्मत दो तंत्रों परंानुंकंपी और अनुकंपी तंत्र से होता है। परानुकंपी की अति सक्रियता व्यक्ति को दब्बू एवं डरपोक स्वभाव का बनाती है तो अनुकंपी तंत्र की अति सक्रियता व्यक्ति को उद्दंड बनाती है। व्यक्ति में संतुलन तभी हो सकता है जब ये दोनों तंत्र संतुलित हों। अतः प्राणायाम इन तंत्रों में संतुलन स्थापित करता है। योग के अनुसार प्राणायाम द्वारा इंड़ा पिंगला का संतुलन होता

है। इड़ा मनःशक्ति है, यह विज्ञानमय कोश का नियंत्रण करता है। पिंगला आनंदमय कोश की सजगता है। अतः प्राणायाम में के अनेक प्रयोग मानसिक स्वास्थ्य में सहयोगी बनते हैं। अनुलोम विलोम प्राणायाम, अति सक्रियता की स्थिति में चंदभेदी प्राणायाम, शीतली तथा शीतकारी प्राणायाम उपयोगी सिद्ध होते हैं। कपालभांति का उद्देश्य बिखरी हुई मनःशक्तियों को केन्द्रित करना तथा मन और सजगता के क्षेत्र में मानसिक विषाक्तता को निष्कासित करता है। अतः स्पष्ट है कि प्राणायाम के प्रयोग मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं।

### 4. शुद्धि क्रियाएं

योगियों द्वारा प्रतिपादित शुद्धि क्रियाएं जहां एक ओर शारीरिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव डालती हैं वहीं दूसरी ओर मानसिक स्वास्थ्य को भी प्रभावित करती हैं। शुद्धि क्रियाओं में नेति का अपना विषेष स्थान है। सामान्यतया इसका उद्देश्य नासिका की शुद्धि के लिए किया जाता है। नेति की उत्पत्ति नासिका शुद्धि के रूप नहीं बल्कि आज्ञाचक्र से संबंधित केन्द्रों की जागृति की तकनीक के रूप में हुई। जब नासिका विवर बंद हो जाते हैं आंखों तथा ललाट के निकट तनाव और अवरोध का अनुभव होता है। अवरुद्ध विवर के कारण प्रायः आखें लाल हो जाती हैं। उनसे पानी आने लगता है तथा कान बंद हो जाते हैं। योगियों ने इस भाग को बहुत संवेदनशील माना। अतः उन्होंने कहा कि आंख तथा कान को प्रभावित करने वाले नासिका विवर की सफाई को सर्वप्रथम स्थान मिलना चाहिए। ऐसा कहा गया है कि विवर मार्ग स्वच्छ और प्रकाशीय तथा श्रवणीय तंत्रिकांए सर्वोत्तम कार्यात्मक अवस्था में हों तो आज्ञाचक्र को जागृत किया जा सकता है।इससे स्पष्ट है कि आज्ञाचक्र का जागरण व्यक्ति की अतंर्दृष्टि का जागरण है। इस अवस्था में व्यक्ति मानसिक असंतुलन के लिए स्थान ही नहीं हैं। इसी तरह त्राटक भी सजगता और मन की अधिकतम समग्रता प्राप्त करने की विधि है। इसी प्रकार नौल, धौति, कुंजल आदि क्रियाएं भी शारीरिक शुद्धि में सहायक बनते हैं। शाररिक स्वास्थता मानसिक स्वास्थ्य में सहयोगी बनता है।

### 5. ध्यान

यौगिक परंपरा में ध्यान का अपना महत्त्वपूर्ण स्थान है। ध्यान की एक नहीं अनेकों पद्धतियां हैं। व्यक्ति अपने जीवन में यदि सही प्रकार से इनका उपयोग करे तो उसके जीवन में अनेक सकरात्मक परिवर्तन आते हैं। ध्यान योग पर हुए अनेक वैज्ञानिक शोध कई संदर्भों में ध्यान योग की उपयोगिता को सिद्ध करते हैं। भावातीत ध्यान, विपश्यना ध्यान एवं प्रेक्षाध्यान पद्धतियों पर हुए अनेक वैज्ञानिक शोध यह बताते हैं कि ध्यान के अभ्यास से व्यक्ति की अनेक समस्याओं का समाधान होता है जिनमें मानसिक स्वास्थ्य भी सम्मिलित है। चिंता, कुंठा, तनाव, निराशा, विषाद, असंतुलित संवेग आदि अनेक मानसिक समस्याएं हैं जिन पर विभिन्न ध्यान पद्धतियों का सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। अतः स्पष्ट है कि ध्यान का अभ्यास निःसंदेह जीवन में आशातीत परिणाम लाता है। इसके लिए

आवश्यक है कि ध्यान प्रक्रियाओं का उचित ढंग से प्रयोग करना। ध्यान में मन की बिखरी हुई शक्ति को केन्द्रित किया जाता है। मन का बिखराव ही समस्याओं को पैदा करता है। अतः मन को उचित प्रशिक्षण मिलने से वह इंद्रियों के वशीभूत नहीं रह पाता है। व्यक्ति अपनी इच्छानुसार उसका सही दिशा में उपयोग कर सकता है। आचार्य महाप्रज्ञ जी कहते हैं कि मन का विकास अभिशाप भी और वरदान भी है। दोनों को पृथक नहीं किया जा सकता। मानसिक विकास के साथ होने वाले दुःख को करने का उपाय है ध्यान।

योगाभ्यास की ध्यान प्रक्रिया के अंतर्गत आत्मसमीक्षा, आत्म निर्माण एवं आत्म विकास की विस्तृत रूपरेखा खड़ी करना, उसे सफल बनाने के लिए कटिबद्ध होना प्रमुख कार्य है। इसी के निमित्त स्वाध्याय, सत्संग, चिंतन, मनन के चार आधार अपनाने पड़ते हैं। ध्यान योग के अंतर्गत ये प्रयोजन भी जुडे़ रहते हैं अन्यथा मन को एक कल्पना भर देकर रोके रहने से योगाभ्यास का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकेगा जिसके आधार पर आत्मसत्ता को आत्मिकी की प्रयोगशाला के रूप में परिणत करने की व्यवस्था बनती थी। इससे स्पष्ट है कि केवन मन का निरोध करना ही समस्याओं का पूर्णतः समाधान नहीं हो सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि एक विशेष उद्देश्य भी उसमें निहित हो, श्रद्धा एवं आत्म समर्पण जैसी वृत्तियां उसमें सम्मिलित हों। तब कहीं ध्यान का प्रभाव देखा जा सकता है। केवल आंख मूदंकर बैठ जाना ही ध्यान नहीं है। ध्यान का मूल हार्द है एकाग्रता, जागरूकता। वह एकाग्रता, वह जागरूकता उद्देश्य विशेष के लिए होनी चाहिए, परिष्कार के लिए होनी चाहिए, सकारात्मक दिशा में होनी चाहिए।

पतंजलि ने अपने योगसूत्र (35-61) में क्रमशः मन को नियंत्रित करने की बात कही है।

1. इंद्रियों के अनुभवों के अवलोकन द्वारा
2. दुःखातीत ज्योति दर्शन द्वारा
3. वीतराग महापुरुषों पर एकाग्रता द्वारा
4. निद्रा, एवं स्वप्न ज्ञान के आलंबन द्वारा
5. इच्छित ध्यान द्वारा।

इससे स्पष्ट है कि मन को एकाग्र की विभिन्न विधियों में ध्यान का अपना विशेष महत्त्व है। उसमें भी महत्त्वपूर्ण बात है इच्छित ध्यान। प्रत्येक व्यक्ति में मनोवैज्ञानिक रूप से व्यवहार में अनेक विभिन्नताएं होती हैं। यह आवश्यक नहीं है कि सभी व्यक्तियों के लिए एक ही प्रकार की ध्यान की पद्धति समान रूप से लागू होती हो। अतः व्यक्ति अपनी इच्छानुसार, अपनी क्षमतानुसार और और अपनी योग्यतानुसार अपनी ध्यान पद्धति को निश्चित कर सकता है। आचार्य महाप्रज्ञ जी कहते हैं कि मानसिक मानसिक विकास के साथ होने वाले दुःख को कम करने का उपाय है ध्यान। पे्रक्षाध्यान के अतंर्गत कायोत्सर्ग (शिथिलीकरण) का प्रयोग तनाव मुक्ति का महत्त्वपूर्ण है। इसी प्रकार दीर्घश्वास पे्रक्षा मानसिक एकाग्रता के लिए, प्राणशक्ति को मजबूत बनाने का सरल उपाय है। इसी के साथ भावना एवं अनुपे्रक्षा

व्यवहार परिवर्तन का अचूक प्रयोग है। अंतःकरण की सर्वोत्तम प्रतिरक्षा को अध्यात्म मनावैज्ञानिकों ने आत्मश्रद्धा के नाम से संबोधित किया है। आधुनिक मनोविज्ञान इसे **एक्सेप्टेंस** कहता है तो **विलियम जेम्स** तथा **मिनिंजर** ने इसे अंतःशक्ति का नाम दिया है। इन मनोवैक्षानिकों का मत है कि प्रसुप्त अथवा जागृत अवस्था में हर व्यक्ति के जीवन में एक महान शक्ति विद्यमान है जिसका आलंबन यदि व्यक्ति ले तो सभी मानसिक व्यतिरेक के मूलभूत कारण भावात्मक असंतुलन से बचाव संभव है। इससे भी स्पष्ट है कि व्यक्ति के भीतर ही मानसिक समस्याओं का समाधान संभव है।

अतः स्पष्ट है कि ध्यान योग की प्रक्रिया वास्तव में जीवन की दिशा और दशा बदलने का सशक्त माध्यम है। यदि ध्यान योग का प्रयोग शिक्षा तंत्र के माध्यम से सुचारु रूप से चलाया जाए तो वास्तव में बाल्यावस्था से ही अच्छे संस्कारों का बीजारोपण हो सकता है साथ ही अनेक शारीरिक, मानसिक तथा भावनात्मक समस्याओं से बचा जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ :-**


1. शर्मा, मधुर (2014) प्राणायाम एवां अन्य योगासन: प्रत्यक्ष इन्टररप्राइजेज , दिल्ली ISBN 2014 978-81-904669- 2-9
2. Patanjali (2001). Yoga Sutras of Patanjali. Studio 34 Yoga Healing Arts. मूल से 25 अगस्त 2011 को पुरालेखित. अभिगमन तिथि 19 अगस्त 2009.
3. सरस्वती, स्वामी सत्यानन्दा. नवंबर 2002 (12 वें संस्करण)। "आसन प्राणायाम मुद्रा बंधा" ISBN 81-86336-14-1
4. चांग, जी सी सी (1993)। तिब्बती योग. न्यू जर्सी: कैरल पब्लिशिंग ग्रुप . ISBN 0-8065-1453-1
5. मलिक, जयवीर (2012) योगाभ्यास प्राकृनिक उपचार जयवीर भसांह मभलक : ममता प्रकाशन , दिल्ली, ISBN 978 -81 -88527 - 20 - 9
6. Goel, A. (2007). Yoga Education, Philosophy and Practice. New Delhi: Deep and Deep Publications.
7. Dictionary.com, "mind": "1. (in a human or other conscious being) the element, part, substance, or process that reasons, thinks, feels, wills, perceives, judges, etc.: the processes of the human mind.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# शब्दशास्त्र महिमा आज के संबंध में



डॉ0 हरिशंकरमणि त्रिपाठी
सहायकप्राध्यापकः व्याकरणविभागः,
जे. एन. एम. संस्कृत महाविद्यालयः, चाईबासा,
मण्डलम्–पश्चिमी सिंहभूम, झारखण्डराज्यम्, भारत।

**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 10-13
**Publication Issue :**
July-August-2021
**Article History**
Accepted : 03 July 2021
Published : 10 July 2021

**सारांशः** – अर्थविषयक बोध शब्द के बिना सम्भव नहीं है और शब्दों का तात्त्विक बोध व्याकरण के बिना सम्भव नहीं है। लेकिन ध्यान देने की बात यह है कि अर्थप्रवृत्ति का मूलतत्त्व विवक्षा है, न कि किसी वस्तु (अर्थ, पदार्थ) का होना या न होना। तपती जेठ की दुपहरी में यदि कोई कहे'' आज तो आकाश से अंगारे बरस रहे हैं।'' तो जलते अंगारे और बारिस इन दोनों पदार्थों के वहाँ न होने पर भी अर्थप्रवृत्ति होती है।

**मुख्यशब्दः–** अर्थविषयक, शब्दः, व्याकरण, शास्त्रम्, संस्कृत, वाङ्मय, भाषा।

''**काणादं पाणिनीयं च सर्वशास्त्रोपकारकम्**'' इस उक्ति के अनुसार संस्कृत वाङ्मय में व्याकरण का महत्त्वपूर्ण स्थान है। व्याकरण वह निकपोपल है जिसके द्वारा भाषा का परिमार्जित एवं विशुद्ध रूप सामने आता है। शब्द की व्याक्रिया करना ही व्याकरण शास्त्र का व्युत्पत्ति लभ्य अर्थ है। क्योंकि व्याकरण शब्द की व्युत्पत्ति ही ऐसी है–

''**व्याक्रियन्ते व्युत्पाद्यन्ते शब्दाः येन तद् व्याकारणम्**'' यद्यपि नित्य ब्रह्मात्मक शब्द की व्याक्रिया व्याकरण सीमा से परे है। तथापि रेखागवय न्यायेन'' असत्ये वर्त्मनि स्थित्वा ततः सत्यं समीहते ''इस अभियुक्तोक्ति के आधार पर व्याकरण के द्वारा शब्द की व्याक्रिया की जाती है। इस व्याकरणशास्त्र शब्द की व्युत्पादन के द्वारा सर्वशास्त्रोपकारक होता है वह वेदांगों में मुख की भांति प्रधान है। धातु और प्रत्ययों की आधारशीला पर शब्दों का निर्माण कर उसके अन्तराल में निहित स्वारसिक अर्थ की अभिव्यक्ति कराना व्याकरण का प्रधान लक्ष्य है। व्याकरण वह निरापद राजमार्ग है जिस पर अबाधरूप से चलते हुए भाषा की समस्त विधाओं का आलोडन भलिभाँति किया जा सकता है।

भारत में व्याकरण के अध्ययन और अध्यापन की परम्परा बहुत पुरानी है। संस्कृत व्याकरण ने शब्द के जिस व्यापक और नित्यस्वरूप का निरूपण किया है तथा शब्द में अर्थप्रकाशन की जिस विधा को प्रस्तुत किया है वह अपने में अनुपम है। व्याकरणशास्त्र का प्रथम प्रवक्ता कौन है? इस प्रश्न का यही उत्तर है कि जिस प्रकार समस्त

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

ज्ञान और समस्त विद्याओं का प्रवक्ता। ब्रह्मा को माना जाता है, उसी प्रकार व्याकरण का प्रथम प्रवक्ता भी ब्रह्मा ही है। ऋग्तन्त्रकार ने लिखा है–

**ब्रह्मा बृहस्पतये प्रोवाच, बृहस्पतिरिन्द्राय, इन्द्रो भारद्वाजाय, भारद्वाज ऋषिभ्यः ऋषयो ब्राह्मणेभ्यः'' 1/4''**

महाभाष्यकार पतञ्जलि ने भी इन्द्र के लिए बृहस्पति द्वारा व्याकरण के पारायण की बात इस प्रकार कही है– **बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच नान्तं जगाम। बृहस्पतिश्च प्रवक्ता, इन्द्रश्चाध्येता दिव्यं वर्षसहस्रमध्ययनकालः न चान्तं जगाम।।** (महाभाष्य प0पृ0 58)

इन्द्र का व्याकरण प्रवचन कर्तृत्व तैत्तिरीयसंहिता में भी कहा गया है– **वाग् दै पराच्यव्याकृता अवदत्। ते देवा इन्द्रमब्रुवन् इमां नो वाचं व्याकुरू इति। तामिन्द्रो व्याकरोत्।**

इस उपर्युक्त विवेचन से सिद्ध होता है कि व्याकरण की परम्परा प्राचीन एवं सनाती है। वाल्मीकिरामायण जो आदिकाव्य है उसके द्वारा भी इस बात की सम्पुष्टि होती है। वहाँ हनुमानजी के सम्बन्ध में कहा गया है–

**नूनं व्याकरणं कृत्स्नमनेन बहुधा श्रुतम्। बहुव्याहरतानेन न किंचिदपभाषितम्।। (किष्किन्धा 3.29)**

व्याकरण की परम्परा बहुत पुरानी है यह बात इसी से स्पष्ट हो जाती है कि आचार्य पाणिनि के अपनी अष्टाध्यायी में शाकल्य, गार्ग्य, भारद्वाज, चाक्रवर्मण, स्फोटायन, गालव आदि दश प्राचीन वैयाकरणों के नाम का उल्लेख किया है अपितु प्राचीन वैयाकरणों की कतिपय संज्ञाओं का यथावत् ग्रहण भी अपनी अष्टाध्यायी में किया है। उदाहरण के लिए पाणिनि का सूत्र है– 'आङो नास्त्रियाम्' यहाँ आङ् से किसका ग्रहण किया जाय ऐसा कोई संकेत पाणिनि ने नहीं किया है। किन्तु इस सूत्र की व्याख्या करते हुए भट्टोजिदीक्षित लिखते हैं– आङिति टा संज्ञा प्राचाम्'' प्राचीनों के अनुसार आङ् यह तृतीया के एकवचन टा विभक्ति की संज्ञा है। इसी प्रकार ''औङ् आपः'' इस सूत्र में औङ् पद से प्रथमा एवं द्वितीया के द्विवचन का ग्रहण भी प्राचीन वैयाकरणों के आधार पर किया गया है। वर्तमान समय में व्याकरण की संख्या नव (9) सुनी जाती है। वह इस प्रकार है–

**ऐन्द्रं चान्द्रं काशकृत्स्नं कौमारं शाकटायनम्। सारस्वतं चापिशलं शाकलं पाणिनीयकम्।।**

इनमें शाकटायन सारस्वत आदि कतिपय व्याकरण ही सम्प्रति उपलब्ध है ऐसा सुना जाता है। पाणिनि से पूर्व चार हजार सूत्रों से युक्त भाष्यवार्तिकादि से उपवृंहित कलेवर लौकिक तथा वैदिक उभयविध शब्दसाधुत्व पारायण कोई व्याकरण था ही नहीं, क्योंकि स्वयं पाणिनि अपने से पूर्व के वैयाकरणों का नामोल्लेख अपनी अष्टाध्यायी में किया है। इसलिए व्याकरण का अस्तित्व और उसका वेदांगत्व पाणिनि से पूर्वकालिक है यह बात असंदिग्ध है। श्री भार्गवशास्त्री द्वारा सम्पादित नवान्हिकमहाभाष्य की भूमिका में महेश्वर जयद्रथ विरचित हरचरित चिन्तामणि का शब्दशास्त्रावतार प्रकाशित हुआ है। उससे विदित होता है कि नन्दनृपति के समय पाटलिपुत्र में वर्ष नामक गुरू से विद्याध्ययन की कामना से पाणिनि वहाँ गये थे। विद्याकाम पाणिनि ने सनकादि सिद्धों के साथ भगवान् शंकर की आराधना की और उनके वर प्रसाद से चतुर्दशसूत्रात्मक वर्णसामाम्नाय की उपलब्धि पाणिनि को हुई। ये चौदह सूत्र ही पाणिनि व्याकरण की आधारशीला है। पाणिनि के शिष्य द्वारा रचित'' पाणिनीय शिक्षा'' में लिखा हुआ है।

**येनाक्षरसमाम्नायमधिगम्य महेश्वरात्। कृत्स्नं व्याकरणं प्रोक्तं, तस्मै पाणिनये नमः।। (पा0 शि0 57)**

ये चौदह सूत्र जिन्हें प्रत्याहारसूत्र भी कहा जाता है इनके लिए अक्षरसमाम्नाय शब्द का प्रयोग किया गया है। आम्नाय, समाम्नाय शब्द वेद के लिए प्रयुक्त होते हैं। यहाँ चौदह सूत्रों केलिए समाम्नाय शब्द के प्रयोग द्वारा यह व्यक्त किया गया है कि ये भी वेद की भाँति अनादि अपौरूषेय है। इन चौदह सूत्रों के अन्त में ण् क् ङ् च् आदि जो चौदह अनुबन्ध लगे हुए हैं ये महेश्वरकृत हैं। नन्दिकेश्वरकृत काशिका में इन चतुर्दश सूत्रों की व्याख्या के अवसर पर कहा गया है–

**अत्र सर्वत्र सूत्रेषु अन्त्यं वर्णचतुर्दशम्। धात्वर्थं समुपादिष्टं पाणिन्यादीष्टसिद्धये।।**

यहाँ धात्वर्थ का अर्थ है धातुमुलकशब्दशास्त्र की प्रवृत्ति के लिए इन अनुबन्धों को चौदह सूत्रों में लगाया गया है।

**सारांश–**

व्याकरण शब्द प्रधान है एवं सांसारिक सम्पूर्ण व्यवहार का साधन शब्द ही है। क्योंकि यदि शब्दनामक तत्त्व संसार में नहीं रहता तो किंकर्तव्यविमूढ़ इस संसार की कल्पनातीत स्थिति होती। इसीलिए आचार्यदण्डी ने कहा है–

**इदमन्धतमः कृत्स्नं, जायेत भुवनत्रयम्। यदि शब्दात्मकं ज्योतिरासंसारं न दीव्येते।। (काव्यदर्श 1/4)**

यह शब्दतत्त्व अनादिनिधन और अक्षर (व्यापक) है। नामरूपतामक यह सारा संसार उसी का विवर्त है। विवर्त अतात्त्विक अन्यथाभाव को कहते हैं, अर्थात् किसी वस्तु में वस्तुतः कोई परिवर्तन हुए बिना जोपरिवर्तन दिखाई देता है, दूसरी आकृति या क्रिया का भान होता है, वह विवर्त है। जैसे कभी–कभी चमकीली सीपी चाँदी प्रतीत होती है यह रस्सी साँप दिखाई पड़ती है। ऐसी स्थिति में सीपी या रस्सी में कोई वास्तविक परिवर्तन नहीं होता, फिर भी चाँदी या साँप की प्रतीति होती है। सीपी या रस्सी का विवर्त चाँदी या साँप है। शब्द की इस महनीयता को व्यक्त करते हुए महावैयाकरण भर्तृहरि का कहना है कि

**अनादिनिधनं ब्रह्म शब्दतत्त्वं यदक्षरम्। विवर्ततेऽर्थभावेन प्रक्रिया जगतो यतः।। (वा0ब्र0 1/कारिका)**

शब्दब्रह्म है ब्रह्म वह है जिसका ना कोई आदि है न अन्त। अनादि अनन्तशब्द परावाक रूप है जिसके विवर्तरूप संसार के सभी पदार्थ नामवत् है। (क्योंकि अनाम पदार्थ कोई नहीं, इसलिए सभी पदार्थ शब्दतत्त्व के विवर्त है) इसका व्याकरण दर्शन में वहीं स्थान है जो अन्य दर्शनों में ब्रह्म का है। शब्दब्रह्म की विशेषता यह है कि वह अपने विवर्तों से, वैखरीरूप में पदार्थों में सीधा जुड़ा हुआ है। प्रत्येक पदार्थ अपने नाम (शब्द) से अनुविद्ध है मानों नाम के अतिरिक्त पदार्थ की कोई सत्ता ही नहीं। यदि पदार्थ शब्द के विवर्त न होते तो शब्द से उनकी प्रतीति भी नहीं होती। ''मीठा'' कहने से लड्डू, जलेबी आदि की प्रतीति होती है, अचार की नहीं। क्यों? अचार मीठे से नहीं बना है जो जिससे नहीं बनता, उससे उसकी प्रतीति भी नहीं होती। शब्द से प्रत्येक अर्थ की प्रतीति होती है, इसलिए प्रत्येक अर्थ (पदार्थ) शब्द से बना है यही सिद्ध होता है। इस प्रकार के विलक्षण शब्द के याथार्थ्य का बोध व्याकरण के बिना उपायान्तर से असम्भव है। भर्तृहरि कहते हैं– **अर्थप्रवृत्ति तत्त्वानां शब्दा एवं निबन्धनम्। तत्त्वावबोधः शब्दानां नास्ति व्याकरणादृते।। (वा0ब्र0 13/कारिका)**

अर्थप्रवृत्ति तत्त्व का कारण शब्द ही है। अर्थविषयक समस्त प्रवृत्ति शब्दों के द्वारा ही सम्भव होती है और शब्दों का तात्त्विकबोध व्याकरण के बिना सम्भव नहीं हो सकता।

**निष्कर्ष** – यद्यपि अर्थविषयक बोध शब्द के बिना सम्भव नहीं है और शब्दों का तात्त्विक बोध व्याकरण के बिना सम्भव नहीं है। लेकिन ध्यान देने की बात यह है कि अर्थप्रवृत्ति का मूलतत्त्व विवक्षा है, न कि किसी वस्तु (अर्थ, पदार्थ) का होना या न होना। तपती जेठ की दुपहरी में यदि कोई कहे'' आज तो आकाश से अंगारे बरस रहे हैं।'' तो जलते अंगारे और बारिस इन दोनों पदार्थों के वहाँ न होने पर भी अर्थप्रवृत्ति होती है। घटनाक्रम क्या है? अर्थप्रवृत्ति में इसका कुछ भी महत्त्व नहीं,'' वक्ता क्या कहना चाहता है?'' इसी का महत्त्व है। वक्ता की यह चाह (इच्छा) ही विवक्षा है और यह अर्थों को जैसे चाहे वैसे प्रवृत्त कर देती है। ''खपुष्प'' जैसे अत्यन्त अप्रसिद्ध पदार्थों से भी अर्थप्रवृत्ति होती है। यह विवक्षा शब्दाधीन है और शब्दों को तत्त्वावबोध व्याकरण से ही होता है।

संदर्भ ग्रंथ–

1. व्याकरण शास्त्र का इतिहास।
2. वाक्यपदीय ब्रह्मकाण्ड
3. महाभाष्य पश्पशाह्निक
4. तैत्तिरीय संहिता
5. वाल्मीकि रामायण
6. सिद्धांत कौमुदी (भट्टोजिदीक्षित)
7. काव्यादर्श (दण्डी)
8. पाणिनीय शिक्षा–57

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# आयुर्वेद ग्रंथेषु गुणदोषाणां वैशिष्ट्यम्



डा.दिनेश कुमार मालवीय
पीएच. डी. शोधार्थी, राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, वाराणसी, एवं रीडर, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, ग्वालियर।

प्रोफेसर डा. ए. के. सोनकर
प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, शरीर क्रिया विज्ञान, राज. आयुर्वेद महाविद्यालय, वाराणसी।

Article Info
Volume 4, Issue 4
Page Number : 14-17
**Publication Issue :**
July-August-2021
**Article History**
Accepted : 03 July 2021
Published : 10 July 2021

**सारांश** :- द्विषो वा बहुषोवाअपिज्ञात्वादोषेषुचाचरेत्। तदर्थं कश्यते द्रव्यगुणानां ज्ञाने पाञ्चभौतिक शरीर मध्ये रोगानां निर्धारण निदानञ्च सम्यक्रूपेण भवितुमर्हति त्रिदोजनिवारणार्थञ्च पथ्यापथ्य वोधार्थञ्च् निदानोपचारार्थम् दृव्यगुणानां ज्ञानस्य महती आवश्यकता वर्तते।

**मुख्यशब्द** :- गुणदोषः, द्रव्यगुणः, शरीरः,रोगः, निदानः, लाभो, वेदः, आयुः।

आयुषो वेदः आयुर्वेदः अथवा आयुर्विन्दत्यनेन इत्यायुर्वेदः। यस्य आयुषो ज्ञानं लाभो वा आयुर्वेदेन लभ्यते वा तदायुः किम् इति ज्ञातव्यम्, तत्रोच्यते शरीर – जीवयोर्योगःजीवनं तदवच्छिन्नकालः आयुरिति। उक्तं चरकाचार्येण – चक संहितायां

शरीरेन्द्रियसत्त्वात्मसंयोगोधारिजीवितम्।
नित्यगश्चानुबन्धश्च पर्यायैरायुरुच्यते।।[1]

शरीरम, इन्द्रियाणि सत्त्वम् (मनस्) आत्मन् इत्येतेषां संयोगः एव आयुः कथ्यते। धारि जीवितम् नित्यगः अनुबन्धः एते चत्वारः आयोः पर्यायशब्दाः सन्ति।

आयुषो ज्ञानाय लाभाय च प्रथमं शरीरस्य इन्द्रियाणाम्, आत्मनश्च ज्ञानम् आवश्यकं भवति। शरीरं पाञ्चभौतिकम्, इन्द्रियाण्यपि आयुर्वेदे भौतिकान्येव परिगणितानि, अतः शरीररक्षायै पञ्चहाभूतानां ज्ञानं पर्याप्तं नास्ति, यतो हि मानवः केवलं भौतिकः नास्ति, शरीरेण सममेव शरीरिणः ज्ञानमपि आवश्यकम् शरीरस्य कार्मुकत्वेन प्रयुक्तः मनसः अपि ज्ञानम् अपरिहार्य भवति। अतएव भगवान् पुनर्वसु – आत्रेयः उक्तवान्–

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

सत्वमात्मा शरीरं च त्रयमेतत् त्रिदण्डवत्।
लोकस्तिष्ठति संयोगात् तत्र सर्वं प्रतिष्ठितम्।।2

अयं लोकः (कमपुरूषः) सत्त्वम् (मनस्)आत्मा (चेतनाधातुः), शरीरम् (पञ्चहाभौतिकम्) त्रिषु प्रतिष्ठितम् अस्ति।

त्रयाएणां संयोगः समभावेन रक्षणीयो भवति, एतेनैव समत्वेन आयुषो लाभः भवति। एतेषां त्रयाणाम् आत्ममनेन्द्रियशरीराणां समत्वस्य रक्षणम् आयुर्वेदेन एव सम्भवति।

आयुर्वेदस्य आधार भूताः त्रिदोषाः वातपित्तकफाः। दोषाणां साम्यावस्थया आरोग्यं विषमावस्थया अनारोग्यमिति। सायावस्थासम्पादनाय नैकविधनियमाः अभ्यधायि आचार्यैः। तद्यथा ''योगेन चित्रस्य, पदेन वाचां मलं शरीरस्य च वैद्यकेन'' इति 'चित्ते उत्पन्नमलैः अनेकविधमानसिकव्याधयः उपजायन्ते। आधिपदवाच्यास्ते। शारीर वातादिदोषैः ज्वरादिव्याधयः समुत्पद्यन्ते।आधय लिंगशरीरस्य विषयाः, व्याधयः स्थूलशरीरस्य च। आधिव्याधयः जन्तोः स्वकर्मपरिणामः। कर्म च स्वसुकृतदुष्कृतोत्थ बुद्धि वैशद्यम्। बुद्धिः कर्मानुसारिणी इति चिरन्तनाः। अकेनजन्मकृतैः पापैः व्याधिरूपेण पीड्यते।

चिकित्साकर्म निष्कामकर्मरूपेण भारतवर्षे प्रचलति स्म इदमेव पुण्यायतनमिति प्राचीनानां मतिः। अतएव भारते अपृष्ट्वैव चिकित्सां औषधं च जनाः मत्यनुरूपं धर्मार्थ कथयन्ति आधुनिकाः।

आयुर्वेदे द्रव्याणां विस्तेरण निरूपणं विद्यते। अत्र विस्तरभयाद् संक्षेपेण निगद्यते।

द्रव्यलक्षमणम् –

''यत्राश्रिताः कर्मगुणाः कारणं समवायि यत् तद् द्रव्यम्''3

''क्रियागुणवत् समवायिकारणमिति द्रव्यलक्षमणम्।''4

''द्रव्यलक्षणं तु क्रियागुणवत् समवायिकारणम्'' 5 इति।

द्रव्यनिर्देश :–

''खादीन्यात्मा मनः कालो दिराश्र द्रव्यसंग्रहः'' (चरकसू. 9)

''तत्र द्रव्याणि पृथ्विप्तेजोवारवाकाशकालदिगात्ममनांसि नवैव'' (प्रशस्तपादे)। इदानीं आयुर्वेदशास्त्रे द्रव्याणां यल्लक्षणम् उक्तं तत्प्रस्तूयते–

पृथिवी – ''तमोबहुलापृथिवी'' (सुश्रुतसूत्रम्)

जलम्– ''सत्वतमो बहुला आपः'' (..............)

तेजः ''सत्वरजो बहुलोअग्रिः'' (..............)

वायुः – ''रजो बहुलो वायुः'' (..............)

आकाशः – ''सत्वबहुलमाकाशम्'' (...............)

दृव्य निदेशानन्तरं गुणानां विषये किञ्चित चर्चा आवश्यकं प्रतीयेता। आयुर्वेदीय पदार्थ विज्ञानं द्रव्यनिरूपणे आदौ पञचमहाभूतानां यथात्त्कं तल्लक्षणं निरूपितम् अन्तरं पृथत्त्कया पञमहाभूतानां नैसर्गिकगुणाः निरूपिताः सन्ति अनन्तरं कालात्मादीनां लक्षणादिकं वर्तते।

पञ्महाभूतानां नैसर्गिकगुणाः भूतानुप्रवेशश्च

महाभूतानि खं वायुरग्निरापः क्षितिस्तथा।

शब्दः स्पर्शरूपश्चरसो गन्धश्च तद्गुणाः।।''

आकाशपवनदहनतोयभूमिषु यथासंख्यमेकोतरपरिवृद्धाः

शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः। (चरक शा. 09)

इतोअपि

''तेषामेकगुणः पूर्वो गुणवृद्धिः परे परे।

पूर्वः पूर्वगुण श्रैव क्रमशो गुणिषुस्मृतः।।''

परस्परसंसर्गात् परस्पपरानुग्रहात् परस्परानुप्रवेशाच्च सर्वेषु

सर्वेषां सान्निध्यमस्ति उत्कर्षापकर्षान्तु ग्रहणम्। (च.शा9 सु.सू. 42)

आयुर्वेदे महाभूतानां भौतिकगणाः अपि पृथत्त्कया निर्दिष्टाः सन्ति

''खरद्रवचलोरूष्णं भूजलानिलतेजसाम्

आकाशस्याप्रतिघातो दृष्टं लिग्गं यथाक्रमम्।।'' (च.शा9)

पृथिव्याः खरत्वम्, जलस्य द्रव्यत्वम्, वायेश्रलत्वम्, अंग्रेरूष्णत्वम् आकाशस्य अप्रतिघातत्वम् इति भौतिकगुणाः।

गुण शब्दः गुणआमंत्रणेऽच प्रत्यय गुणयते आमन्त्रयते लोका अनेन इति गुणः समवायीतु निष्चेष्टः कारणं गुणः।

रूक्षः शीतोलघुसूक्ष्मश्चलोंअथविशदः खरः। विपरीतगुणैः द्रव्यैमारूतःसंप्रशाम्यति।।

सस्नेहंउष्णं तीक्ष्णं च द्रवंअम्लंसरंकटु। विपरीतगुणैः पित्तंद्रव्येराशुप्रशाम्यति।।

गुरू शीतमदुस्निग्ध मधुरस्थिरपिच्छिलाः। श्लेष्मणः प्रशमं यान्तिविपरीतगुणैर्गुणाः।।

गुणा य उक्तद्रव्येषु शरीरेष्वपितेतथा।

स्थानव्रद्धिक्षयास्तस्माद्देहिनांद्रव्यहेतुकाः।। (सु.सू. 41/16)

रसदोषसन्निपातेतु येसा यैर्दोषैः समानगुणाः समानगुणभूयिष्ठा वा भवन्तितेवतानभिवर्धयन्ति, विपरितगुणा विपरीतगुणभूयिष्ठा वा शमयन्तभ्यस्यमानाइति।
एतद्यवस्थाहेतोः षट्त्वमुपदिष्यतेरसानांपरस्परेणामसंसृष्टानां त्रित्वं च दोषाणाम्। (च.वि. 1/7)

भूतेजोवारिजैद्रव्यैः शमं यातिसमीरणः। भूम्यम्बुवायुजैः पित्तं क्षिप्रमाप्नोतिनिर्वृतिम्।
खतेजोअनिलजैः श्लेष्मा शममेति शरीरिणाम्(वियत्पवनजाताभ्यांवृद्धिमाप्नोतिमारुतः।
आग्नेयमेव यद् द्रव्यंपित्तमुदीयुर्यते। वसुधाजलजाताभ्यांबलासः परिवर्द्धते।
एवमेतद्गुणाधिक्यंद्रव्येद्रव्येविनिष्चितम्। द्विषो वा बहुषोवाअपिज्ञात्वादोषेषुचाचरेत्।। तदर्थं कश्यते द्रव्यगुणानां ज्ञाने पाञ्चभौतिक शरीर मध्ये रोगानां निर्धारण निदानञ्च सम्यक्रूपेण भवितुमर्हति त्रिदोजनिवारणार्थञ्च पथ्यापथ्य वोधार्थञ्च् निदानोपचारार्थम् दृव्यगुणानां ज्ञानस्य महती आवश्यकता वर्तते।।

**सन्दर्भ –**

(1) चरक सूत्र
(2) चरक सूत्र
(3) चरक संहिता 1.2.13
(4) वैशेसिक सूत्र 1–9/15
(5) सुश्रुत

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# माध्यमिक स्तर पर विद्यार्थियों के अभिभावक सम्बन्ध में संवेगात्मक बुद्धि का विश्लेषणात्मक सम्बन्ध



**डॉ. प्रेमचन्द्र यादव**
**पूर्वशोधछात्र, विभागशिक्षाशास्त्र।**
**नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय,**
**प्रयागराज, उत्तर प्रदेश।**

**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 18-34
**Publication Issue :**
July-August-2021
**Article History**
Accepted : 03 Aug 2021
Published : 10 Aug 2021

**सारांश–**सांख्यिकीय विधियों का उपयोग कर आंकड़ों का विश्लेषण किया गया है एवं परिणाम ज्ञात किया गया है आंकड़ों का सारणीयन विश्लेषण प्रस्तुत शोध के उद्देश्यों को ध्यान में रखकर किया गया है तदर्थ सर्वप्रथम प्रतिदर्श के विभिन्न समूहों के अन्तर की व्याख्या की गई है उसके पश्चात् विभिन्न समूहों के अभिभावक संबंध, संवेगात्मक बुद्धि, आत्मविश्वास एवं आत्म–प्रकटीकरण संबंधी आंकड़ों का वर्णात्मक सांख्यिकी प्रस्तुत किया गया है। वर्णात्मक सांख्यिकी में सर्वप्रथम समूहों के प्राप्तांको के मध्यमान को दर्शाया गया है उसके पश्चात् प्रमाणिक विचलन से सम्बन्धित सांख्यिकी प्रस्तुत की गई है और फिर निष्कर्षात्मक सांख्यिकी के अन्तर्गत विभिन्न समूहों के प्रामाणिक त्रुटियों को देख कर जनसंख्या सम्बन्धित निष्कर्ष निकाला गया है। इस सभी वर्णनात्मक सांख्यिकी के पश्चात् विभिन्न समूहों के मध्य तुलना क्रान्तिक अनुपात ज्ञात करके परिणामें को देखा गया है जो परिणाम दोनो समूहों के तुलना में प्राप्त हुए हैं।

**मुख्यशब्द** – माध्यमिक, स्तर, विद्याथिय, अभिभावक, सम्बन्ध, संवेगात्मक, बुद्धि, विश्लेषणात्मक, सम्बन्ध।

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

तत्पश्चात् अभिभावक संबंध का विद्यार्थियों के विभिन्न समूहों वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित माध्यमिक स्तर के छात्र, छात्राओं, अंग्रेजी माध्यम एवं हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों के संवेगात्मक बुद्धि, आत्मविश्वास एवं आत्मप्रकटीकरण के मध्य संबंध ज्ञात किया गया है। उनका विवरण सारिणी सं0 4.1 से 4.42 तक अग्रांकित है –

### 4.2 आँकड़ों का विश्लेषण एवं व्याख्या

#### 4.2.1 माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक संबंध की तुलना –

**$H_1$ माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक संबंध में सार्थक अन्तर है।**

**$H_{01}$ माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक संबंध में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**

**सारिणी सं0 4.1**

| अभिभावक संबंध की विमा | लिंग | न्यादर्श की संख्या | मध्यमान (M) | प्रमाणिक विचलन (SD) | मध्यमानों का अन्तर ($M_1$~$M_2$) | मानक त्रुटि ($\sigma_D$) | टी–परीक्षण मान (t-value) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संरक्षित करना | छात्र | 300 | 55.56 | 8.52 | 0.14 | 0.64 | 0.22 |
| | छात्राएँ | 300 | 55.42 | 7.20 | | | |
| सांकेतिक दंड | छात्र | 300 | 43.18 | 8.91 | 0.47 | 0.66 | 0.71 |
| | छात्राएँ | 300 | 42.71 | 7.25 | | | |
| अस्वीकृति | छात्र | 300 | 43.35 | 7.42 | 0.11 | 0.59 | 0.18 |
| | छात्राएँ | 300 | 43.47 | 7.06 | | | |
| प्रयोजन दंड | छात्र | 300 | 43.36 | 7.29 | 0.58 | 0.59 | 0.98 |
| | छात्राएँ | 300 | 43.94 | 7.24 | | | |
| माँग | छात्र | 300 | 48.74 | 7.75 | 0.58 | 0.61 | 0.95 |
| | छात्राएँ | 300 | 49.32 | 7.25 | | | |
| उदासीनता | छात्र | 300 | 61.68 | 7.61 | 0.44 | 0.60 | 0.73 |
| | छात्राएँ | 300 | 61.24 | 7.00 | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सांकेतिक प्रतिफल | छात्र | 300 | 58.94 | 7.32 | 0.48 | 0.57 | 0.84 |
| | छात्राएँ | 300 | 59.42 | 6.51 | | | |
| स्नेहपूर्ण व्यवहार | छात्र | 300 | 60.16 | 7.74 | 0.38 | 0.59 | 0.64 |
| | छात्राएँ | 300 | 60.54 | 6.58 | | | |
| प्रयोजन प्रतिफल | छात्र | 300 | 56.12 | 7.53 | 0.10 | 0.58 | 0.17 |
| | छात्राएँ | 300 | 56.22 | 6.74 | | | |
| नजरादांज | छात्र | 300 | 42.14 | 7.16 | 0.14 | 0.56 | 0.25 |
| | छात्राएँ | 300 | 42.80 | 6.66 | | | |
| सम्पूर्ण अभिभावक संबंध | छात्र | 300 | 525.59 | 40.19 | 5.14 | 2.90 | 1.77 |
| | छात्राएँ | 300 | 520.45 | 30.16 | | | |

*0.05 स्तर पर सार्थक

चूँकि माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक संरक्षित वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.22 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक संरक्षित के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक सांकेतिक दण्ड वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.71 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक सांकेतिक दंड के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

अभिभावक अस्वीकृति के सम्बन्ध में छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों के बीच टी– मान 0.18 है df के मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक अस्वीकृति के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

अभिभावक प्रयोजन दण्ड के सम्बन्ध छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों के बीच टी– मान 0.98 है df के मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक प्रयोजन दंड के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

अभिभावक माँग के सम्बन्ध में छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों के बीच टी– मान 0.95 है df के मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक माँग के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक उदासीनता वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.73 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक उदासीनता के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक सांकेतिक प्रतिफल वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.84 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक सांकेतिक प्रतिफल के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

अभिभावक स्नेहपूर्ण व्यवहार के सम्बन्ध में छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों के बीच टी– मान 0.64 है जो df के मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक स्नेहपूर्ण व्यवहार के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

अभिभावक प्रयोजन प्रतिफल के सम्बन्ध में छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों के बीच टी– मान 0.17 है जो df के मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक प्रयोजन प्रतिफल के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक नजरादांज वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.25 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक नजरादांज के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

अभिभावक सम्बन्ध के परिप्रेक्ष्य में छात्र एवं छात्राओं के मध्यमानों के बीच टी– मान 1.77 है जो df के मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिभावक संबंध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

**4.2.2 माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध की तुलना करना–**

**$H_2$ माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध में सार्थक अन्तर है।**

**$H_{02}$ माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**

**सारिणी सं0 4.2**

| अभिभावक संबंध की विमा | लिंग | न्यादर्श की संख्या | मध्यमान (M) | प्रमाणिक विचलन (SD) | मध्यमानों का अन्तर ($M_1$~$M_2$) | मानक त्रुटि ($\sigma_D$) | टी–परीक्षण मान (t-value) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संरक्षित करना | हिन्दी | 300 | 54.38 | 8.27 | 2.21 | 0.64 | 3.45* |
| | अंग्रेजी | 300 | 56.59 | 7.31 | | | |
| सांकेतिक दंड | हिन्दी | 300 | 42.27 | 8.61 | 1.34 | 0.66 | 2.03* |
| | अंग्रेजी | 300 | 43.61 | 7.56 | | | |
| अस्वीकृति | हिन्दी | 300 | 42.61 | 7.22 | 1.60 | 0.59 | 2.71* |
| | अंग्रेजी | 300 | 44.21 | 7.18 | | | |
| प्रयोजन दंड | हिन्दी | 300 | 43.44 | 7.04 | 0.42 | 0.59 | 0.71 |
| | अंग्रेजी | 300 | 43.86 | 7.49 | | | |
| माँग | हिन्दी | 300 | 48.53 | 7.22 | 1.00 | 0.61 | 1.64 |
| | अंग्रेजी | 300 | 49.53 | 7.76 | | | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उदासीनता | हिन्दी | 300 | 60.82 | 7.33 | 1.27 | 0.59 | 2.15* |
| | अंग्रेजी | 300 | 62.09 | 7.24 | | | |
| सांकेतिक प्रतिफल | हिन्दी | 300 | 59.06 | 7.05 | 0.24 | 0.57 | 0.42 |
| | अंग्रेजी | 300 | 59.30 | 6.81 | | | |
| स्नेहपूर्ण व्यवहार | हिन्दी | 300 | 59.91 | 7.30 | 0.88 | 0.59 | 1.49 |
| | अंग्रेजी | 300 | 60.79 | 7.04 | | | |
| प्रयोजन प्रतिफल | हिन्दी | 300 | 55.66 | 7.43 | 1.01 | 0.58 | 1.74 |
| | अंग्रेजी | 300 | 56.67 | 6.82 | | | |
| नजरादांज | हिन्दी | 300 | 41.49 | 6.85 | 1.28 | 0.56 | 2.29* |
| | अंग्रेजी | 300 | 42.71 | 6.92 | | | |
| सम्पूर्ण अभिभावक संबंध | हिन्दी | 300 | 518.68 | 36.44 | 8.68 | 2.89 | 3.00* |
| | अंग्रेजी | 300 | 527.36 | 34.25 | | | |

*0.05 स्तर पर सार्थक

अभिभावक संरक्षित के सम्बन्ध में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के मध्यमानों के बीच अन्तरों के टी– मान 3.45 है जो df मान से अधिक है। अतः शून्य उपकल्पना अस्वीकृत कर परिणामतः कह सकते हैं कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावक द्वारा संरक्षित हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक है।

अभिभावक सांकेतिक दण्ड के सम्बन्ध में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के मध्यमानों के बीच अन्तरों के टी– मान 2.03 है जो df मान से अधिक है। अतः शून्य उपकल्पना अस्वीकृत कर परिणामतः कह सकते हैं कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावक द्वारा सांकेतिक दण्ड हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक है।

अभिभावक अस्वीकृति के सम्बन्ध में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के मध्यमानों के बीच अन्तरों के टी– मान 3.71 है जो df मान से अधिक है। अतः शून्य उपकल्पना अस्वीकृत कर

परिणामतः कह सकते हैं कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावक द्वारा अस्वीकृति हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक प्रयोजन दंड वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.71 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक प्रयोजन दंड के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक माँग वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.64 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक माँग के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक उदासीनता वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 2.15 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः शून्य उपकल्पना अस्वीकृत कर परिणामतः कह सकते हैं कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावक द्वारा उदासीनता हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक सांकेतिक प्रतिफल वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.42 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक सांकेतिक प्रतिफल के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

अभिभावक स्नेहपूर्ण व्यवहार के सम्बन्ध में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के मध्यमानों के बीच अन्तरों के टी– मान 1.49 है जो df मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना स्वीकृत कर परिणामतः कह सकते हैं कि अभिभावक द्वारा स्नेहपूर्ण व्यवहार के सन्दर्भ में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों में समानता है।

अभिभावक प्रयोजन प्रतिफल के सम्बन्ध में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के मध्यमानों के बीच अन्तरों के टी– मान 1.74 है जो df मान से कम है। अतः शून्य उपकल्पना स्वीकृत कर परिणामतः कह सकते हैं कि अभिभावक द्वारा अभिभावक प्रयोजन प्रतिफल के सन्दर्भ में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों में समानता है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिभावक नजरादांज वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 2.29 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः शून्य उपकल्पना अस्वीकृत कर परिणामतः कह सकते हैं कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावक द्वारा नजरादांज हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक है।

अभिभावक सम्बन्ध में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के मध्यमानों के बीच अन्तरों के टी– मान 3.00 है जो df मान से अधिक है। अतः शून्य उपकल्पना अस्वीकृत कर परिणामतः कह सकते हैं कि अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों के अभिभावक सम्बन्ध हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों की अपेक्षा अधिक है।

**4.2.3 माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध की तुलना करना–**

**$H_3$ माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध में सार्थक अन्तर है।**

**$H_{03}$ माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**

**सारिणी सं0 4.3**

| अभिभावक संबंध की विमा | लिंग | न्यादर्श की संख्या | मध्यमान (M) | प्रमाणिक विचलन (SD) | मध्यमानों का अन्तर ($M_1 \sim M_2$) | मानक त्रुटि ($\sigma_D$) | टी–परीक्षण मान (t-value) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संरक्षित | वित्तपोषित | 300 | 55.81 | 8.27 | 0.64 | 0.64 | 1.00 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| करना | स्ववित्तपोषित | 300 | 55.17 | 7.47 | | | |
| सांकेतिक दंड | वित्तपोषित | 300 | 43.25 | 8.05 | 0.61 | 0.66 | 0.92 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 42.64 | 8.19 | | | |
| अस्वीकृति | वित्तपोषित | 300 | 44.29 | 7.12 | 1.76 | 0.59 | 2.98* |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 42.53 | 7.26 | | | |
| प्रयोजन दंड | वित्तपोषित | 300 | 43.79 | 7.41 | 0.28 | 0.59 | 0.47 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 43.51 | 7.13 | | | |
| माँग | वित्तपोषित | 300 | 49.31 | 7.64 | 0.56 | 0.61 | 0.92 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 48.75 | 7.36 | | | |
| उदासीनता | वित्तपोषित | 300 | 62.03 | 6.89 | 1.15 | 0.60 | 1.92 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 60.88 | 7.67 | | | |
| सांकेतिक प्रतिफल | वित्तपोषित | 300 | 59.52 | 7.16 | 0.68 | 0.57 | 1.19 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 58.84 | 6.68 | | | |
| स्नेहपूर्ण व्यवहार | वित्तपोषित | 300 | 60.57 | 7.38 | 0.44 | 0.59 | 0.75 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 60.13 | 6.97 | | | |
| प्रयोजन प्रतिफल | वित्तपोषित | 300 | 56.63 | 7.23 | 0.92 | 0.58 | 1.58 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 55.71 | 7.04 | | | |
| नजरादांज | वित्तपोषित | 300 | 42.53 | 6.88 | 0.92 | 0.56 | 1.64 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 41.61 | 6.93 | | | |
| सम्पूर्ण अभिभावक संबंध | वित्तपोषित | 300 | 526.95 | 35.53 | 7.86 | 2.89 | 2.72* |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 519.09 | 35.29 | | | |

*0.05 स्तर पर सार्थक

चूँकि माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक संरक्षित वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.00 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक संरक्षित के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक सांकेतिक दण्ड वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.92 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक सांकेतिक दंड के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक अस्वीकृति वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 2.98 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः हम अपने शून्य उपकल्पना को अस्वीकृत करते हुए यह कह सकते है कि माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक अस्वीकृति के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर स्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक प्रयोजन दंड वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.47 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक प्रयोजन दंड के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक माँग वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.92 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक माँग के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक उदासीनता वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.92 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक उदासीनता के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक सांकेतिक प्रतिफल वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.19 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक सांकेतिक प्रतिफल के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक स्नेहपूर्ण व्यवहार वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.75 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक स्नेहपूर्ण व्यवहार के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक प्रयोजन प्रतिफल वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.58 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक प्रयोजन प्रतिफल के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक नजरादांज वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.64 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक नजरादांज के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी—परीक्षण मान 2.72 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः हम अपने शून्य उपकल्पना को अस्वीकृत करते हुए यह कह सकते है कि माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिभावक संबंध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर स्वीकार्य है।

**4.2.4 माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि की तुलना –**

**$H_4$ माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि में सार्थक अन्तर है।**

**$H_{04}$ माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**

**सारिणी सं0 4.4**

| संवेगात्मक बुद्धि की विमा | लिंग | न्यादर्श की संख्या | मध्यमान (M) | प्रमाणिक विचलन (SD) | मध्यमानों का अन्तर ($M_1 \sim M_2$) | मानक त्रुटि ($\sigma_D$) | टी—परीक्षण मान (t-value) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संवेगात्मक अंतर्बोध | छात्र | 300 | 2.47 | 1.01 | 0.13 | 0.08 | 1.63 |
| | छात्राएँ | 300 | 2.60 | 0.95 | | | |
| अभिप्रेरण अंतर्बोध | छात्र | 300 | 5.78 | 1.46 | 0.21 | 0.13 | 1.62 |
| | छात्राएँ | 300 | 5.57 | 1.73 | | | |
| समानुभूति | छात्र | 300 | 6.66 | 1.56 | 0.08 | 0.14 | 0.14 |
| | छात्राएँ | 300 | 6.68 | 1.86 | | | |
| संबंध प्रबंधन | छात्र | 300 | 5.70 | 1.59 | 0.36 | 0.13 | 2.77* |
| | छात्राएँ | 300 | 6.06 | 1.59 | | | |
| सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि | छात्र | 300 | 20.61 | 4.03 | 0.83 | 0.35 | 0.83 |
| | छात्राएँ | 300 | 20.90 | 4.46 | | | |

*0.05 स्तर पर सार्थक

चूँकि माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक अंतर्बोध वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.63 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की संवेगात्मक अंतर्बोध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिप्रेरण अंतर्बोध वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.62 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की अभिप्रेरण अंतर्बोध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की समानुभूति वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.14 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की समानुभूति के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की संबंध प्रबंधन वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 2.77 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः हम अपने शून्य उपकल्पना को अस्वीकृत करते हुए यह कह सकते है कि माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की संबंध प्रबंधन के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर स्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.83 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के छात्र एवं छात्राओं की सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

**4.2.5 माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि की तुलना–**

**$H_5$ माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि में सार्थक अन्तर है।**

**$H_{05}$ माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**

**सारिणी सं0 4.5**

| संवेगात्मक बुद्धि की विमा | लिंग | न्यादर्श की संख्या | मध्यमान (M) | प्रमाणिक विचलन (SD) | मध्यमानों का अन्तर ($M_1 \sim M_2$) | मानक त्रुटि ($\sigma_D$) | टी–परीक्षण मान (t-value) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संवेगात्मक अंतर्बोध | हिन्दी | 300 | 2.61 | 0.96 | 0.15 | 0.08 | 1.88 |
| | अंग्रेजी | 300 | 2.46 | 1.00 | | | |
| अभिप्रेरण अंतर्बोध | हिन्दी | 300 | 5.81 | 1.58 | 0.27 | 0.13 | 2.07* |
| | अंग्रेजी | 300 | 5.54 | 1.62 | | | |
| समानुभूति | हिन्दी | 300 | 6.80 | 1.66 | 0.26 | 0.13 | 2.00* |
| | अंग्रेजी | 300 | 6.54 | 1.62 | | | |
| संबंध प्रबंधन | हिन्दी | 300 | 5.95 | 1.54 | 0.13 | 0.13 | 1.00 |
| | अंग्रेजी | 300 | 5.82 | 1.66 | | | |
| सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि | हिन्दी | 300 | 21.16 | 4.02 | 0.81 | 0.35 | 2.31* |
| | अंग्रेजी | 300 | 20.35 | 4.44 | | | |

*0.05 स्तर पर सार्थक

चूँकि माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संवेगात्मक अंतर्बोध वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.88 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संवेगात्मक अंतर्बोध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिप्रेरण अंतर्बोध वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 2.07 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः हम अपने शून्य उपकल्पना को अस्वीकृत करते हुए यह कह सकते है कि

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की अभिप्रेरण अंतर्बोध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर स्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की समानुभूति वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 2.00 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः हम अपने शून्य उपकल्पना को अस्वीकृत करते हुए यह कह सकते है कि माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की समानुभूति के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर स्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संबंध प्रबंधन वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.00 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की संबंध प्रबंधन के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 2.31 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से अधिक है। अतः हम अपने शून्य उपकल्पना को अस्वीकृत करते हुए यह कह सकते है कि माध्यमिक स्तर के हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियों की सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर स्वीकार्य है।

### 4.2.6 माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि की तुलना–

**$H_6$ माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि में सार्थक अन्तर है।**

**$H_{06}$ माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की संवेगात्मक बुद्धि में कोई सार्थक अन्तर नहीं है।**

**सारिणी सं0 4.6**

| संवेगात्मक बुद्धि की विमा | लिंग | न्यादर्श की संख्या | मध्यमान (M) | प्रमाणिक विचलन (SD) | मध्यमानों का अन्तर ($M_1 \sim M_2$) | मानक त्रुटि ($\sigma_D$) | टी–परीक्षण मान (t-value) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संवेगात्मक अंतर्बोध | वित्तपोषित | 300 | 2.59 | 0.97 | 0.11 | 0.08 | 1.38 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 2.48 | 0.99 | | | |
| अभिप्रेरण अंतर्बोध | वित्तपोषित | 300 | 5.69 | 1.63 | 0.03 | 0.13 | 0.23 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 5.66 | 1.58 | | | |
| समानुभूति | वित्तपोषित | 300 | 6.66 | 1.70 | 0.02 | 0.14 | 0.14 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 6.68 | 1.74 | | | |
| संबंध प्रबंधन | वित्तपोषित | 300 | 5.84 | 1.61 | 0.09 | 0.13 | 0.69 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 5.93 | 1.59 | | | |
| सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि | वित्तपोषित | 300 | 20.77 | 4.34 | 0.03 | 0.35 | 0.09 |
| | स्ववित्तपोषित | 300 | 20.74 | 4.17 | | | |

*0.05 स्तर पर सार्थक

चूँकि माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की संवेगात्मक अंतर्बोध वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 1.38 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की संवेगात्मक अंतर्बोध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित की अभिप्रेरण अंतर्बोध वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.23 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित

विद्यालयों के विद्यार्थियों की अभिप्रेरण अंतर्बोध के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की समानुभूति वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.14 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की समानुभूति के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की संबंध प्रबंधन वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.69 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित की संबंध प्रबंधन के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि वितरण संबंधी प्राप्तांकों के मध्यमानों के अन्तर का टी–परीक्षण मान 0.09 है जो कि निर्धारित मान 1.96 से कम है। अतः शून्य उपकल्पना मानते हुए परिणामतः माध्यमिक स्तर के वित्तपोषित एवं स्ववित्तपोषित विद्यालयों के विद्यार्थियों की सम्पूर्ण संवेगात्मक बुद्धि के दो समूहों के माध्यमों के बीच अंतर अस्वीकार्य है।

**सन्दर्भ–**

1.साख्यिकीय विधियाँ –गुप्ता एस.पी एण्ड गुप्ता
2.आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन– गुप्ता एस.पी एण्ड गुप्ता
3.अनुसंधान संदर्शिका– गुप्ता एस.पी एण्ड गुप्ता
4.फेम्स  ऑफ माइन्ड दः थ्योरी ऑफ मल्टीपल इन्टेलिजेन्स –गार्डनर
5.द रिलेशनशिप विटविन जेण्डर एण्ड इमोशनल इंटेलिजेन्स– नाघवी फतनेह  एवं रेडजौन

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# स्कन्दपुराणकालिक शिक्षा व्यवस्था

डॉ0 वन्दना सिंह
असिस्टेन्ट प्रोफेसर, संस्कृत विभाग,
प्रताप बहादुर स्नातकोत्तर महाविद्यालयत्र
प्रतापगढ़ सिटी, प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश।



**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 35-41
**Publication Issue :**
July-August-2021
**Article History**
Accepted : 03 Aug 2021
Published : 10 Aug 2021

**सारांश–** शिक्षा विषय जो पौराणिक उद्धरण उपलब्ध होते हैं, उनमें विद्यार्थी जीवन का स्वरूपांकन, आचार्य और शिष्य का सम्बन्ध, विद्यार्थी जीवन की महत्ता तथा आचार्य की स्थिति के गौरव पर अधिक बल दिया गया है।

**मुख्य शब्द –** शिक्षा, पौराणिक, विद्यार्थी, शिष्य, स्कन्दपुराणकालिक, समाज, संस्कार।

किसी भी समाज की धुरी वहाँ की शिक्षा होती है, शिक्षा व्यवस्था पर ही सम्पूर्ण राष्ट्र की दशा और दिशा निर्भर करती है। यदि किसी राष्ट्र का कायाकल्प बदलना है तो वहाँ की शिक्षा व्यवस्था को बदलना होगा। शिक्षा किसी भी समाज में सदैव चलने वाली सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास उसके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है; इस प्रकार उसे सुसंस्कृत, सभ्य एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है। समाज में व्यक्ति नित–नये अनुभव प्राप्त करता है जिससे उसका व्यवहार दिन–प्रतिदिन प्रभावित होता है। उसका यह सीखना–सिखाना विभिन्न समूहों टेलीविजन, रेडियो, पत्र–पत्रिकाओं, उत्सवों आदि के माध्यम से होता है। अतः किसी भी समाज को समझने के लिये वहाँ की शिक्षा व्यवस्था को समझना अति आवश्यक हो जाता है। 18 पुराणों से सबसे विशाल स्कन्दपुराण की शिक्षा व्यवस्था को निम्नलिखित बिन्दुओं के माध्यम से समझेंगे–

**विद्या प्रारम्भ करने का समय–**शिक्षा उपनयन संस्कार के पश्चात् ग्रहण की जाती थी। स्कन्दपुराण का कथन है कि उपनयन संस्कार से संस्कृत होने के उपरान्त विद्या अध्ययनार्थ गुरुगृह का आश्रय लेना चाहिए। भरद्वाज पुत्र दमन का उपनयन संस्कार हो जाने के पश्चात् विद्यारम्भ संस्कार किया गया।[1] गौतम और मनु प्रभृति शास्त्रकारों की मान्यता है कि ब्राह्मण बालक का उपनयन आठवें वर्ष में, क्षत्रिय बालक का ग्यारहवें वर्ष में तथा वैश्य बालक का बारहवें वर्ष में होना चाहिए।[2]

स्कन्दपुराण में विश्वानर ने अपने पुत्र गृहपति का पाँचवे वर्ष में यज्ञोपवीत संस्कार किया।[3] सगर के साठ हजार पुत्रों का भी विद्या ग्रहण हेतु यज्ञोपवीत संस्कार किया गया था।[4] साथ ही वशिष्ठ[5] और विश्वामित्र[6] के

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

भी यज्ञोपवीत संस्कार किये गये थे। ऐसी स्थिति में यही प्रतीत होता है कि तात्कालिक व्यवस्था में विद्यारम्भ का समय बाल्यकाल ही मान्य था। स्मृतियों में स्थल–स्थल पर प्रस्तुत प्रसंग पर बल दिया गया है।[7]

**शिक्षा केन्द्र**–स्कन्दपुराण में विश्वानर नामक ब्राह्मण ने वेदारम्भ संस्कार के पश्चात् अपने पुत्र गृहपति को सांगोपांग वेदों का अध्ययन कराया था।[8] इस उद्धरण से व्यक्त होता है कि शिक्षित परिवार में बालक को स्वगृह मे भी प्रशिक्षित किया जाता था। इसका समर्थन वैदिक उद्धरणों से किया जा सकता है उपनिषद् में निरूपित है कि आरुणि ने अपने पुत्र को दर्शन के गूढ़ तत्वों से परिचित कराया था।[9] शिक्षा के साधनभूत जिन केन्द्रों का उल्लेख स्कन्दपुराण में हुआ है, उनका विवरण अनुगामी अनुच्छेदों में प्रस्तावित है।

**गुरुकुल**– प्राचीन काल में शिक्षा गुरुकुलों में दी जाती थी। गुरुकुलों की स्थापना प्रायः वनों, उपवनों तथा ग्रामों या नगरों में की जाती थी। वनों में गुरुकुल बहुत कम होते थे। अधिकतर दार्शनिक आचार्य निर्जन वनों में निवास, अध्ययन तथा चिन्तन पसन्द करते थे। इनके यहाँ दर्शन शास्त्रों के साथ–साथ व्याकरण, ज्योतिष तथा नागरिकशास्त्र भी पढ़ाये जाते थे। अधिकांश गुरुकुल गाँवों या नगरों के समीप किसी बाग अथवा वाटिका में बनाये जाते थे। जिससे उन्हें एकान्त एवं पवित्र वातावरण प्राप्त हो सके इसके दो लाभ थे; एक तो गृहस्थ आचार्यों को सामग्री एकत्रित करने में सुविधा थी, दूसरे ब्रह्मचारियों को शिक्षाटन में अधिक अटन नहीं करना पड़ता था।

स्कन्दपुराण में गुरुकुल में भी शिक्षा दी जाती थी क्योंकि विश्वकर्मेश्वर की कथा में प्रजापति के पुत्र और ब्रह्मा के दूसरे शरीर एवं सत्कर्मों में अतिनिपुण विश्वकर्मा यज्ञोपवीत हो जाने पर बाल्यकाल में केवल भिक्षा के द्वारा भोजन करके गुरुकुल में टिककर गुरु की सेवा कर शिक्षा प्राप्त कर रहे थे।[10] गुरुकुल में शिक्षा प्राप्त करने वालों का सर्वत्र आदर सम्मान होता था। क्योंकि मत्स्यपुराण में विहित है कि गुरुकुल में शिक्षा समाप्त कर लौटने वाले ब्राह्मणों का आदर करना राजा का कर्त्तव्य है।[11]

**ऋषि आश्रम**– तत्कालीन समय में ऋषि आश्रम में भी विद्या अर्जित की जाती थी। पिप्पलाद, विदुर, अगस्त्य, च्यवन, आरुणि आदि ऋषियों ने अपने आश्रम में आये हुए ज्ञानार्थियों को अपनी सिद्धि विद्या द्वारा सन्तुष्ट किया था।

**तीर्थस्थान**– पौराणिक आख्यानों में तीर्थस्थानों का बड़ा ही महत्व था। ज्यादातर लोग अपने समस्त समारोहों या विशेष असवरों पर तीर्थस्थान भ्रमणार्थ, ईशदर्शनार्थ तथा ज्ञानार्थ हेतु जाया करते थे। तीर्थस्थानों में विद्वानों का समूह रहता था और वो ईश्वर की आराधना से ज्ञान अर्जित कर अपने ज्ञान रूपी प्रकाश से सब को प्रकाशित करते थे। सूत ने नैमिषारण्य तीर्थ में समस्त ऋषियों को अट्‌ठारह पुराणों का वाचन किया था।[12]

**विद्वन्मण्डली**– स्कन्दपुराण के प्रभास खण्ड में ब्रह्मा के आदेश से सरस्वती और्व द्वारा प्रज्ज्वलित अग्नि शमन हेतु हिमालयस्थ पिप्पलाद ऋषि के आश्रम पहुँची; यहाँ से आगे बहते–बहते वे नीचे उतरी तथा एक वृक्ष के नीचे पहुँची। इस वृक्ष कोटर की कुटिया में करोड़ों मुनिगण निवास करते थे। वहाँ देवपाठी ब्राह्मणों सा सुस्वर में की गयी वेदध्वनि सुनाई पड़ी। इससे परिलक्षित होता है कि यह विद्वानों की मण्डली अध्ययन तथा अध्यापन

हेतु एकत्रित होकर इस दिशा में गति कर रहे थे।[13] वायु और ब्रह्माण्ड पुराणों में वर्णित है कि महर्षि अंगिरा ने संशयात्मक बातों के निर्णयार्थ एक बार ऋषियों की सभा आयोजित किया था।[14] यह स्मरणीय है कि स्कन्दपुराण में उपर्युक्त साधनों के अतिरिक्त शिक्षा–सम्बन्धी व्यवस्थित विद्यालय का उल्लेख नहीं मिलता है। जिन साधनों के सन्दर्भ इन ग्रन्थों में मिलते हैं; उनका समर्थन अन्य साक्ष्यों द्वारा भी किया जा सकता है।

उदाहरणार्थ, कादम्बरी में बाण के पूर्वज कुबेर नामक आचार्य का उल्लेख मिलता है तथा यह वर्णित है कि कुबेर के घर ब्रह्मचारी बड़ी सावधानी से वेदाध्ययन करते थे।[15] इसी प्रकार शाकुन्तलम् में कुलपति कण्व के आश्रम का वर्णन मिलता है।[16] तीर्थ भी विद्या वितरण के साधन थे। महाभारत में विद्या–लाभ तीर्थ यात्रा का फल माना गया है।[17]

**शिक्षाविधि–** तत्कालीन समाज में प्रवचन, शास्त्रार्थ तथा स्वाध्याय विधि, द्वारा शिक्षा अर्जित की जाती थी किन्तु प्रवचन सर्वाधिक प्रचलित था। स्कन्दपुराण में प्रवचन शैली द्वारा शिक्षा ग्रहण करने का उदाहरण प्राप्त होता है। नैमिषारण्य में महर्षिगणों द्वारा यज्ञ का सत्रावसान होने पर पूत चरित्र सूत लोमहर्षण से पुण्यमयी पुराणसंहिता पूछने पर पौराणिक–प्रवर सूत ने मस्तक नत करके सरस्वतीनन्दन व्यास को प्रणाम करते हुए पुराण का प्रवचन किया।[18]

यदि स्कन्दपुराण के इतिहास की बात करें तो कैलास शिखर पर ब्रह्मादि के समक्ष शिवजी ने पार्वती को 'स्कन्दपुराण' का प्रवचन किया था, पार्वती ने षडानन कार्तिकेय को और कार्तिकेय ने नन्दी को तथा नन्दी ने अत्रिकुमार को, अत्रिकुमार ने व्यास को, और व्यास ने लोमश ऋषि को और उन्होंने ऋषियों के समक्ष स्कन्दपुराण का प्रवचन किया था।[19] स्कन्दपुराण के वर्णन से विदित होता है कि पुराण के प्रवक्ता वर्ण्य शैली को ग्राह्य बनाने की चेष्टा करते थे जिस समय ऋषिगण पौराणिक आख्यान को सुन रहे थे, उन्हें अमृत पीने के समान सुख मिल रहा था। इसमें सन्देह नहीं कि प्रवचन और श्रवण शिक्षा–शैली का प्रमुख स्वरूप था। यह परम्परा वैदिक काल में ही प्रतिष्ठित हो चुकी थी। प्रवचन तथा श्रवण–विधि का वैदिक वाङ्मय के प्रवाह में महान् योगदान था।

**छात्रों के कर्त्तव्य–** स्कन्दपुराण में विवेचित है कि ब्रह्मचारियों का एकमात्र गुरुसेवा ही धर्म है। गुरु की शुश्रूषा ही शिष्य का अनिवार्य कर्त्तव्य माना गया है। जो मूर्ख गुरु, गुरुपत्नियों, गुरुसन्तान की बात स्वीकार करके फिर उसे नहीं करता; वह अश्वय ही नरकभागी होता है।[20] वैदिक काल में जो छात्रोचित कर्त्तव्य बताये गये हैं वही पुराणकाल में भी यथावत् रहे। छात्रों के लिए कठोर दिनचर्या निर्दिष्ट की गयी है–प्रतिदिन समिधा जुटाने के बाद स्नान करना, अग्नि संचार करके आचमन, संध्योपासना करना, तर्पण करना, गुरु के पास–पड़ोस से भिक्षा लाना, गुरु के अधीन वेदाध्ययन करना, गुरु के जलपात्रों में पानी भरना, कुश, पुष्प, मिट्टी, गोबर आदि जुटाना। भू शयन कर प्राप्त भिक्षा में से गुरु के आदेश पर ही अपने लिए भोजन का अंश ग्रहण करना, मधु को ग्रहण न करना, आमिष भोजन करना, भोजन का अंश जूठा नहीं छोड़ना, भोजन–पात्र स्वयं माँजना धोना, दिन में नहीं सोना, जूता नहीं पहनना, शरीर में तेल नहीं लगाना, गरम जल से नहीं नहाना, इत्र, फूलमालाएँ, गजरे आदि

काम में नहीं लेना, सिर के बाल या तो मुड़ाए रखना या जटा के रूप में बढ़ाए रखना, नित्य गायत्री मंत्र का जाप करना, शिष्टाचार के नाते गुरु को अभिवादन करते समय उठकर पैर छूना, उनकी निन्दा, नकल मजाक नहीं करना। गुरुपत्नी का भी गुरुसदृश आदर करना आदि सभी छात्रों के कर्त्तव्य थे।

उपर्युक्त विधि निषेधात्मक नियमों का एकमात्र उद्देश्य अन्तेवासी ब्रह्मचारी में धर्मपालन, अनुशासन एवं संयम के आदर्शों को इतनी मजबूती के साथ स्थापित कर देना था कि आगे चलकर गृहस्थाश्रम में वह सच्चा धर्मनिष्ठ नागरिक बन सके।[21] गुरु से वेद का ज्ञान प्राप्त करके स्वाध्याय करना तथा गुरु की आज्ञानुसार गुरुदक्षिणा देना ब्रह्मचारी का कर्त्तव्य है। यही ब्रह्मचर्य की पूर्णता है। स्कन्दपुराण में विश्वानर के पुत्र गृहपति ने नियमानुसार छात्रधर्म का पालन किया था।[22]

गुरु–शिष्य के सम्बन्ध को विश्वकर्मेश्वर की कथा से भली–भाँति समझा जा सकता है जिका सार इस प्रकार है–त्वष्टा नामक प्रजापति के पुत्र और ब्रह्मा के दूसरे शरीर एवं सब कर्मों में अतिनिपुण विश्वकर्मा हुये थे वे यज्ञोपवीत हो जाने पर बाल्यावस्था में ही भिक्षा के द्वारा भोजन करके गुरुकुल में टिककर गुरु की सेवा करने लगे। एकबार वर्षाकाल उपस्थित होने पर उनके गुरु ने आज्ञा दी कि बेटा तुम मेरे लिए एक ऐसी पर्णकुटी बना दो जिससे मुझे वर्षाकाल में क्लेश न होने पाये। फिर गुरुपत्नी ने भी कहा हे त्वष्टृनन्दन! मेरे लिए एक चोलिया बना दो। पर वह बड़ी अथवा ढ़ीली न होने पावे और ऐसा प्रयत्न करो, जिसमें वह बिना कपड़ा के होने पर भी सुन्दर हो और वल्कल का ही बने पर सदैव उज्ज्वल रहे। इसी तरह गुरुपुत्र पादुका तथा गुरुपुत्री ने एक जोड़ा सोने के कर्णफूल बनाने को कहा।

तत्पश्चात् विश्वकर्मा ने विचार किया क्या करूँ, कहाँ जाऊँ? इस वन में मुझे कौन बुद्वि की सहायता देगा, किसकी शरणागत होऊँ? क्योंकि जो गुरु, गुरुपत्नी, गुरुसन्तान की बात स्वीकार करके फिर उसे नहीं करता, वह अवश्य ही नरकभागी होता है। क्योंकि ब्रह्मचारियों का एकमात्र गुरुसेवा ही धर्म है गुरु की बात पूरी किये बिना मेरा निस्तार कैसे हो सकता है? गुरु लोगों की आज्ञा–पालन करने से ही समस्त मनोरथ सिद्ध होते हैं, अन्यथा नहीं हो सकते। अतएव उनका वचन अवश्य ही पूरा करना चाहिए। तत्पश्चात् तपस्वी के निर्देशानुसार विश्वकर्मा ने शिव की आराधना कर गुरु के आदेश का पालन किया।[23]

इस तरह तात्कालिक समाज में गुरु और शिष्य के सम्बन्ध अतिमधुर थे। शिष्य का गुरु के प्रति अपार श्रद्धा रहती थी और यह श्रद्धा की भावना गृहस्थाश्रम में प्रवेश के उपरान्त भी बनी रहती थी।

**अध्ययन के विषय**

**वेद–**छात्रों को वेदों का ज्ञान कराया जाता था। वेदों की महत्ता को प्रकाश में लाते हुए वायु और ब्रह्माण्ड पुराणों में वर्णित है कि वेद ही मनुष्यों के संवरण हैं तथा वेद का परित्याग करने वाले नग्न हैं।[24] विष्णु पुराण के अनुसार ऋक्, यजुः और साम के परित्यागी नग्न और पातकी हैं।[25] ब्रह्माण्ड पुराण में वेद–राशि को सभी विद्याओं की अपेक्षा उत्कृष्ट बताया गया है।[26] वायुपुराण में गया तीर्थ के विषय में वर्णित है कि इस क्षेत्र में सभी वस्तुओं का परित्याग किया जा सकता है, किन्तु वेद का नहीं।[27] इस प्रकार स्कन्दपुराण में भी वेद की महत्ता को

प्रतिपादित करते हुए कहा गया है कि अठारह प्रकार की विद्याओं में मीमांसा सबसे बड़ी है, उससे भी तर्कशास्त्र श्रेष्ठ है, तर्कशास्त्र से भी पुराण गुरुतर हैं। धर्मशास्त्र पुराणों में भी श्रेष्ठ है और धर्मशास्त्रों से वेद परम श्रेष्ठ हैं, वेदों में भी उपरिषद् श्रेष्ठ और गायत्री उन उपनिष्दों में भी अधिक श्रेष्ठ है।[28]

**पुराण श्रवण एवं लेखन**

छात्रों को पुराणों की शिक्षा विधिवत् दी जाती थी पुराणों का श्रवण एवं पुराणोक्त कथा का स्वतः पाठ किया जाता था पुराण श्रवण का उदाहरण स्कन्दपुराण के अनेक स्थलों पर प्राप्त होता है।

अष्टादश पुराणों, उपपुराणों के वर्णन के पश्चात् लोमहर्षण ऋषि कहते हैं कि जो व्यक्ति देव–पितृ कार्यों में पुराणवृत्तान्त का क्रमानुरूप पाठ करता है, उसे हरिलोक की प्राप्ति होती है। यह पुराण विवरण पवित्र, यशप्रद, पितृगण को प्रसन्नता देने वाला है। यह देवताओं के लिए अमृत के समान तृप्ति देने वाला है। यह मनुष्यों के महापातकों क नाशक है।[29] और भी उसके प्रत्येक आख्यान सुनने के अलग–अलग लाभ बताये गये हैं। शिव सहस्त्र नाम आख्यान में कथित है कि शंकर का यह सहस्त्र नाम जो पढ़ता है उसकी दरिद्रता छह मास के भीतर शीघ्र नष्ट हो जाती है जिसके घर में परमात्मा का यह स्तोत्र लिखित रहता है वहाँ पार्वती सहित शिव नित्य विद्यमान रहते हैं। इसके पाठ से सिंह, चोर और ग्रह से ग्रस्त मनुष्य मुक्त हो जाता है। इसका पाठ करने वाले सभी रोगों से मुक्त होकर परम सुख प्राप्त करता है। जो प्रातः काल उठकर स्तोत्र का भक्तिपूर्वक पाठ करता है वह शिव के वचनानुसार सभी आपत्तियों से मुक्त और धनधान्य से युक्त होता है।[30]

बदरीश क्षेत्र माहात्म्य वर्णन में उल्लिखित है कि यह क्षेत्र पुण्य, यश, आयु, पुत्र तथा धनधान्य देने वाला है। बदरीनाथ का माहात्म्य सभी पापों को छुड़ाने वाला है। इसे सुनकर भी मनुष्य विष्णु सायुज्य मोक्ष को प्राप्त करता है। उसके सभी मनोरथ पूर्ण हो जाते हैं यह माहात्म्य जिस घर में लिखित रहता है, उसमें आधि, व्याधि, भयंकर राजा और अग्नि का भय नहीं होता। जिस घर में यह पुस्तक रहती है, वहाँ नित्य विष्णु का सानिध्य रहता है। यह सब माहात्म्य जो नियम से सुनता है, उसकी सभी कामना पूर्ण होती है।[31]

स्कन्दपुराण के अतिरिक्त अन्य पुराणों में भी पुराण श्रवण तथा पाठ का जिक्र मिलता है–

मत्स्यपुराण के अनुसार सन्ध्योपासना के अनन्तर स्कन्द की कथा पढ़ने से मनुष्य चिरायु और लक्ष्मीवान् होता है।[32] वायु पुराण में वर्णित है कि महादेव की पुरी में विविध प्रकार की शुभ निरन्तर चलती रहती हैं।[33]

**धर्मशास्त्र–** धर्मशास्त्र के अध्ययन के विषय में सुस्पष्ट स्थल तो नहीं मिलते पर इनकी महत्ता स्कन्दपुराण के उद्धरणों से प्रतिपादित की जा सकती है। अठारहों विद्याओं में मीमांसा सबसे बड़ी है, उससे भी तर्कशास्त्र श्रेष्ठ, तर्कशास्त्र से भी पुराण गुरुतर हैं, धर्मशास्त्र पुराणों से भी श्रेष्ण हैं और धर्मशास्त्रों से वेद परम श्रेष्ठ हैं।[34] अन्यत्र भी वर्णन है कि श्राद्ध के अवसर पर विद्वानों को धर्मशास्त्र प्रदान करने पर पितर सन्तुष्ट रहते हैं। इस प्रकार स्पष्ट होता है कि तत्कालीन समाज में धर्मशास्त्र प्रचलित महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय रहा होगा।

उपर्युक्त विवेचनों से यह स्पष्ट है कि शिक्षा विषय जो पौराणिक उद्धरण उपलब्ध होते हैं, उनमें विद्यार्थी जीवन का स्वरूपांकन, आचार्य और शिष्य का सम्बन्ध, विद्यार्थी जीवन की महत्ता तथा आचार्य की स्थिति के गौरव पर अधिक बल दिया गया है।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड तृतीय भाग 74.2
2. गौतम धर्मसूत्र 1.6.12
3. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड प्रथम भाग 11.41
4. स्कन्दपुराण, केदारखण्ड 27.2
5. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड चतुर्थ भाग 76.13
6. वहीं 86.3
7. ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्य विप्रस्य पंचमें राज्ञों बलार्थिनःषष्ठे वैश्यस्यार्थिनोऽष्टमें। मनुस्मृति, 2/27, राजबली पाण्डेय हिन्दू संस्कार, पु0 154
8. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड प्रथम भाग 11.42.43
9. छान्दोग्य उपनिषद् 1/11/4
10. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड चतुर्थ भाग 86.3.4
11. मत्स्यपुराण 215/58
12. स्कन्दपुराण, प्रभासखण्ड प्रथम अध्याय
13. स्कन्दपुराण, प्रभासखण्ड 36.23
14. वायुपुराण 83/115 ब्रह्माण्ड पुराण 3/20/19
15. जगुर्गृहेऽभ्यस्तसमस्त वाङ्मयैः संसारिकैः पंजरवर्तिभिः शुकैः।।
    निगृह्यमाणा वटवः पदे पदे यूजंषि सामानि च यस्य शंकिताः।। कादम्बरी, पूर्व, भाग।
16. अभिज्ञानशाकुन्तलम प्रथम अंक
17. विद्या तपश्च कीर्तिश्च स तीर्थफलमश्नुते।। वनपर्व 82/9
18. स्कन्दपुराण, प्रभासखण्ड 1.3
19. स्कन्दपुराण, प्रभासखण्ड 1.27–29
20. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड चतुर्थ भाग 86.20
21. हिन्दू–धर्म का गौरवग्रन्थ–कृष्ण बल्लभ द्विवेदी पृ 243
22. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड प्रथम भाग–एकादश अध्याय
23. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड चतुर्थ भाग 86.3–100
24. सर्वेषामेव भूतानां त्रयी संवरणं स्मृतम।

परित्यजति यो मोहात्ते वै नग्नादयो जनाः।। वायुपुराण, 78.27, ब्रह्माण्डपुराण, 3/14/35

25. ऋग्यजुस्सामझेयं त्रयीवर्णावृतिर्द्विज।
एतामुज्झति यो मोहात्स नग्नः पातकी द्विजः।।विष्णपुराण 2/17/5

26. सर्वेभ्योऽपि शब्देभ्यो वेदराशिर्महामुने।। ब्रह्माण्डपुराण, 4/38/3

27. सन्यसेत्सर्वकर्माणि वेदमेकं न सन्यसेत्।। वायुपुराण 105/28

28. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड प्रथम भाग 9.49–50

29. स्कन्दपुराण, प्रभास खण्ड 3.110

30. स्कन्दपुराण, केदार खण्ड 64.138–147

31. स्कन्दपुराण, केदारखण्ड 62.78–83

32. संध्यामुपास्य यः पूर्वा स्कन्दस्य चरितं पठेत्। मत्स्यपुराण 7/14

33. कथाश्च विविधाः शुभाः। वायुपुराण 101/305

34. स्कन्दपुराण, काशीखण्ड प्रथम भाग 9.49–50

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# आधुनिक संस्कृतसाहित्य में गलज्जलिका ; काव्यशास्त्रीय दृष्टि



डॉ. सन्दीप कुमार द्विवेदी
सहायक प्राध्यापक संस्कृत
भारतीय महाविद्यालय फर्रुखाबाद

**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 42-47

**Publication Issue :**
July-August-2021

**Article History**
Accepted : 03 July 2021
Published : 10 July 2021

**सारांश** – गीतिकाव्य या गेयकाव्य का माधुर्य काव्यरसिकों को स्वतः ही आकृष्ट कर लेता है। कवि गण गीतियों के माध्यम से काव्य की सरस अभिव्यक्ति को पुष्ट करते रहे हैं। समानान्तर प्रवर्तमान काव्यशास्त्रीय परम्परा में आचार्यों ने काव्य के तत्त्वों पर गम्भीर चिन्तन कर तथा काव्य रचना की प्रकृति के आधार पर उसे लक्षणबद्ध कर मूल स्वरूप को उद्घाटित किया है तथा आज भी कर रहे हैं। भाषान्तर काव्यविधा गजल के माध्यम से भी संस्कृत भाषा के कवियों ने अपने कौशल एवं कल्पनावैशिष्ट्य को काव्य रसिकों के सम्मुख प्रस्तुत किया है अत एव साम्प्रतिक काव्यशास्त्री आचार्यों ने संस्कृत गजल गीति के स्वरूप, अवयव, तथा प्रतिपाद्य के आधार पर लक्षणबद्ध कर संस्कृत काव्यशास्त्र में स्थान दिया है।

**संकेत शब्द** – गेयकाव्य, रागकाव्य, गलज्जलिका, गजलगीति, मतला, शेर, मकता, आरम्भिका, मध्यिका, अन्त्यिका, काव्यशास्त्र, लक्षण, अन्त्यश्रुति, रदीफ़, उपान्त्यश्रुति, काफ़िया आदि।

आदिकाल से ही संस्कृत काव्य निर्मिति सहृदयों के हृदय को रससिक्त करती रही है। कविगण भी नितनूतन कल्पनाओं के साथ विभिन्न विधाओं के माध्यम से अपने भावों को अभिव्यक्त करते रहे हैं। काव्य छन्द के सद्भावाभाव की दृष्टि से गद्य, पद्य, चम्पू के रूपमें त्रिधा विभक्त है जिसमें छन्दोयुक्त पद्यरचना[1] अपनी लयवाहिता, श्रुतिमाधुर्य, स्मरणशीलता एवं सरस शब्दार्थ–विन्यास के कारण सहृदयों के द्वारा समादृत है। पद्य में गीततत्त्व से समन्वित गेयकाव्य एवं रागकाव्य मानवमात्र की लोकप्रिय विधा है। कालिदास विरचित अभिज्ञान शाकुन्तल में हंसपदिका की गीति को सुनकर दुष्यन्त कहते हैं –

[1] साहित्यदर्पण 6/314

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

**अहो रागपरिवाहिणी गीतिरिति।**[2]

अर्थात् निरन्तर राग का प्रवाह धारण करने वाली गीति कहलाती है। राग काव्य की परम्परा में जयदेव के गीतगोविन्द को युगप्रर्वतक काव्य मानना असंगत न होगा। गीतगोविन्द के परवर्ती काव्यों में भाषा, भाव, छन्दोविधान, शैली एवं वस्तु योजना पर जयदेव का प्रभाव स्पष्टतया परिलक्षित होता है। गीतिकाव्य या रागकाव्य के माध्यम से कवि विभिन्न लयों, रागों एवं रसों के माध्यम से काव्य की प्रस्तुति करता है। आचार्य अभिनव गुप्त रागकाव्य को स्पष्ट करते हुए लिखा है –

**लयान्तरप्रयोगेण रागैश्चापि विवेचितम्।**

**नानारसं सुनिर्वाह्यकथं काव्यमिति स्मृतम्।।**[3]

इस प्रकार संस्कृत काव्य जगत् में अनेक गेय काव्यविधाएं प्रचलित थीं। कालान्त में मुगल साम्राज्य में फ़ारसी एवं अरबी ने राजभाषा के गौरव को प्राप्त किया ; जिससे फारसी एवं अरबी भाषा–साहित्य की काव्य विधाओं को भारतीय भाषाओं के कवियों ने भी अपनी लेखनी से उपकृत किया। इसमें संस्कृत गेयकाव्य एवं रागकाव्य की समानधर्मिणी गज़ल उर्दू एवं फ़ारसी की विशिष्ट काव्य विधा है। गज़ल की लोकप्रियता का एक कारण संगीततत्त्व से इसकी निकटता भी है। गज़ल अरबी भाषा का शब्द है; जिसका अर्थ है श्रृंगारपरक कविता। शुरुआती फ़ारसी गज़ल की परिभाषा थी **प्रेम प्रदर्शित करते हुए प्रिया के कानों में फुसफुसाना (बाज़नान गुफ़्तगू कर्दन)** अर्थात् प्रेमभावनाओं की अभिव्यक्ति गज़ल का मुख्य प्रतिपाद्य थी। इसकी लोकप्रियता के कारण विभिन्न विषयों यथा–भक्ति, देशप्रेम, सामाजिक यथार्थ आदि भी गज़ल के प्रतिपाद्य हो गए। संस्कृत में सर्वप्रथम गज़ल लिखने का श्रेय जयपुर के महनीय कवि भट्ट मथुरानाथ शास्त्री को प्राप्त है।

**भट्टोऽसौमथुरानाथशास्त्रीगजलपारगः।।**

**संस्कृतगजलोद्गाताप्रथमोहिमयामतः।।**[4]

इनके अनन्तर बच्चूलाल अवस्थी, राधावल्लभ त्रिपाठी, अभिराज राजेन्द्र मिश्र, इच्छाराम द्विवेदी, हरिदत्त शर्मा, विन्ध्येश्वरी प्रसाद मिश्र, रहसबिहारी द्विवेदी, रमाकान्त शुक्ल, पुष्पादीक्षित, जनार्दनप्रसादपाण्डेय आदि कवियों एवं कवयित्रियों ने संस्कृतगज़ल के व्यापक साहित्य की सर्जना एवं गलज्जलिका तथा गज़लगीति नामक अभिनव अभिधान प्रदान कर संस्कृतसाहित्य में प्रतिष्ठित किया है। लक्ष्य के रूप में विपुल साहित्य सर्जना को संज्ञान में रखकर स्वातन्त्र्योत्तर काव्यशास्त्रियों ने संस्कृत गलज्जलिका के लक्षण को व्यवस्थापित करने का प्रयास किया है; जिनमें आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी, आचार्य अभिराज राजेन्द्रमिश्र आदि प्रमुख हैं।

आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी ने गजलगीति का लक्षण प्रस्तुत करते हुए लिखा है–

---

[2] अभिज्ञानशाकुन्तलम् पृ. 322

[3] अभिनवभारती पृ. 188

[4] अभिराजयशोभूषण/प्रकीर्ण0/56–57

**द्विपादिकाभिर्निबद्धा गीतिर्गजलमुच्यते।**[5]

आचार्य त्रिपाठी के अनुसार गज़ल का प्रत्येक पादयुग्म द्विपदिका **शेर** कहलाता है। पहली द्विपदी **मतला** कहलाती है। प्रत्येक द्विपदी का एक चरण **मिसरा** कहलाता है। प्रत्येक गज़ल में पाँच या उससे अधिक शेर होने चाहिए। प्रत्येक शेर के अन्तिम चरण में एक, दो या तीन शब्द आवृत्त होते हैं, इन्हें **अन्त्यश्रुति** या **रदीफ़** कहा जाता है। रदीफ से पहले उपान्त्यश्रुति **काफिया** कही जाती है। प्रथम पाद्युग्म में रदीफ एवं काफिया दोनों का निर्वाह होता है। शेष में मात्र उत्तरचरण में होता है।

आचार्य अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने गजल को अभिनव अभिधान प्रदान कर व्युत्पत्ति की है–

**तत एव मया गीतिराख्यातेयं गलज्जला।**

**गलन्नेत्रजलत्वाद्वा सा गजज्जलिका पुनः।।**[6]

नेत्रजल की वृष्टि कराने के कारण गज़ल को गलज्जलिका भी कहा जाता है। पारसीक छन्दविधान में इसके बन्ध की दीर्घता को **'बहर'** कहा जाता है। संस्कृत काव्य में गणों की व्यवस्था के समान फारसी गजल की एक निश्चित गण व्यवस्था होती है। जिसे **'मुतकारबे मुसम्मन सालिम'** तथा **'बहरे कामिल मुसम्मन**' कहा जाता है। इनमें मफऊल–फऊलून– फाइलुन संज्ञक गण होते हैं। जिससे इनके बन्ध की दीर्घता एवं लघुता स्पष्ट होती है। आचार्य अभिराज राजेन्द्र मिश्र ने गज़ल के तीन भाग बतलाए हैं– मतला, शेर एवं मक्ता।

**गजलस्य त्रयो भागास्तद्विद्भिः परिभाषिताः।**

**मतला–शेर–मक्तख्यास्तदिदानीं प्रतन्यते।।**[7]

मूलभाव (Central theme) को स्पष्ट करने वाला, गज़ल का जो प्रारम्भिक वाक्य युगल होता है, उसे फारसी भाषा में मतला कहा जाता है। तथा अन्तिम वाक्य युग्म जो कवि के उपनाम से युक्त हो, वह मक्ता कहा गया है। मतला एवं मक्ता के मध्य जो प्रयुक्त हो उसे शेर कहा जाता है। स्पष्ट करते हुए आचार्य मिश्र कहते हैं–

**गजलारम्भि यद्वाक्यं मूलभावप्रकाशकम्।**

**तदेव फारसीवाचि मतलेति समुच्यते।।**

**अन्तिमश्चापि यो बन्धः कविनामाङ्कितः खलु।**

**सोऽपि गजलतत्त्वज्ञैर्मकतेति निगद्याते।।**

**मतलामक्तयोर्मध्ये मूलभावैकपोषिणः।**

[5] अभिनवकाव्यालंकारसूत्र 3/1/9
[6] अभिराजयशोभूषणम् पृ0 283
[7] अभिराजयशोभूषणम् पृ0 286

**बन्धा भिन्नाशया वापि कथिताः शेरसंज्ञकाः।।[8]**

आचार्य मिश्र ने मतला, शेर तथा मकता को संस्कृत काव्यशास्त्र में नवीन अभिधान क्रमशः आरम्भिका, मध्यिका एवं अन्त्यिका प्रदान किए हैं।

**मतलाऽऽरम्भिका वाच्या शेर उच्येत मध्यिका।**

**अन्त्यिका च तथैवास्तु मकतेति मतम्मम।।[9]**

आरम्भिका अथवा मतला का अन्तिम पद जो बार–बार दोहराया जाता है उसे 'काफिया' कहते हैं।

**शब्द आरम्भिकाबन्ध वाक्ययोरन्तिमोऽथ सः।**

**एक एव भवेद्गीते काफियाख्योऽनुवर्तितः।।[10]**

आचार्य मिश्र ने बच्चूलाल अवस्थी द्वारा रचित गज़ल में तीनों के उदाहरण स्पष्ट किए हैं–

आरम्भिका का उदाहरण –

**पिकाः कूजन्ति माकन्देषु कूजेयुः किमायातम् ?**

**समीरा दाक्षिणात्या मन्दमञ्चेयुः किमायातम् ?[11]**

मध्यिका यथा –

**इदं पाणौ सुरापात्रं सुरा कुम्भेऽन्तिके रामा**

**उदन्वन्तः समे सर्वत्र शुष्येयुः किमायातम्?**

**अतन्त्र लोकतन्त्रं वा विवादो नामनि व्यर्थः**

**सुमन्त्रा यान्त्रिके तन्त्रे न सिध्येयुः किमायातम् ?**

**स्वतन्त्रत्वं भजेल्लोकः स्वतन्त्रत्वं परो धर्मः**

**युवानो यौवतं सम्भूय दीव्येयुः किमायातम् ?[12]**

अन्त्यिका का उदाहरण –

**न हि ज्ञानेन सिध्यत्यर्थ इत्याश्रित्य विज्ञानम्**

**कदर्या आर्यमर्यादां विलुम्पेयुः किमायातम्?[13]**

---

8 अभिराजयशोभूषणम्/प्रकीर्ण/75–77
9 अभिराजयशोभूषणम्/प्रकीर्ण/80
10 अभिराजयशोभूषणम्/प्रकीर्ण/81
11 अभिराजयशोभूषणम् पृ0 287
12 अभिराजयशोभूषणम् पृ0 288

उपर्युक्त गज़ल में 'क्रिमायातम्' पद बार–बार आवृत्त होने के कारण 'काफिया' कहा जाता है।

संस्कृत छन्दशास्त्र की भांति गजल की बहरों का प्रस्तार स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है गज़लकार के प्रयोग वैशिष्ट्य से बहर कहीं दीर्घकाय कहीं लघुकाय दिखाई देती है। आचार्य भरत ने एक अक्षर से अट्ठाइस अक्षर तक बन्ध विस्तार का वर्णन किया है। –

**छन्दसां तु भवेदेषां भेदोऽनेकविधः पृथक्।**

**असंख्यपरिमाणानि वृत्तान्याहुरथो बुधाः।।**[14]

आचार्य मिश्र ने चौदह, सत्तरह, उन्नीस, बीस, बाईस, तेईस, चौबीस, अट्ठाईस, एवं बत्तीस मात्राओं वाली संस्कृत गज़लों को भी उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया है।

फारसी एवं अरबी भाषा साहित्य में गजल के प्रतिपाद्य उच्छृंखल प्रेम, मदिरा, मदिरालय आदि थे। किन्तु भारतीय भाषा के कवियों ने स्वप्रतिभा वैलक्षण्य से अपनी संस्कृति के अनुरूप संयोजित किया है। प्रतिपाद्य के विषय में वर्णन करते हुए कहते हैं –

**क्व चषकाः मदिरोन्मादा उत्पथा मदिरालयाः।**

**क्व च वासगृहायत्ता समर्चः पुष्पधन्वनः।।**

**तुरुष्कसंस्कृति क्वासौ समुदाचार लंघिनी।**

**संस्कृतिश्चास्मदीयेयं क्व पुनश्शीलरक्षिणी।।**

**अतो हि विश्वरक्षित्री कविभिस्सैव संस्कृति।**

**गलज्जलिकया वर्ण्या तौरुष्की न कथंचन।।**[15]

अर्थात् फारसी गजलों में वर्णित कहां उच्छंखल प्रेम और कहां अखण्ड पुण्यों का सत्फलभूत हमारा उदात्त रागबन्ध। कहां वे शराब के जाम, शराब की उन्मत्तता और अमर्यादित मदिरालय और कहां वासगृह में सम्पादित भगवान पुष्पधन्वा की समर्चना। संस्कृत गज़लकारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप सत्य, आदर्श प्रेम, सदुपदेश, त्याग, विप्रलम्भ श्रंगार, ईश्वर भक्ति, सामाजिका यथार्थ आदि प्रतिपाद्य ग्रहण कर सर्जना की है।

इस प्रकार आचार्य अभिराज राजेन्द्र मिश्र एवं आचार्य राधावल्लभ त्रिपाठी ने स्वोपज्ञ काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों में फारसी काव्य की विधा गज़ल को लक्षणबद्ध कर परिभाषित किया है। संस्कृत साहित्य में वैदेशिक एवं भाषान्तर काव्यविधाओं के समावेश तथा निरन्तर सर्जना से साहित्य श्री की वृद्धि हो रही है तथा सम सामयिक विषयों पर की गईं रचनाएं इसके अजस्र प्रवाह तथा वैश्विक स्वरूप को द्योतित कर रही हैं।

---

13 अभिराजयशोभूषण पृ0 288

14 नाट्यशास्त्र 14/58

15 अभिराजयशोभूषणम् पृ0 291

सन्दर्भ ग्रन्थ –


1. अभिनवभारती, अभिनव गुप्त, बड़ौदा संस्करण 1956ई.।
2. साहित्यदर्पण, विश्वनाथ, चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन वाराणसी, प्रकाशन वर्ष 2008।
3. अभिराजयशोभूषण, अभिराजराजेन्द्र मिश्र, वैजयन्त प्रकाशन, इलाहाबाद, प्रकाशन वर्ष 2006।
4. अभिनवकाव्यालंकारसूत्रम्, राधावल्लभ त्रिपाठी, जगदीश पुस्तक भण्डार जयपुर प्रकाशन वर्ष 2009।
5. अभिज्ञान शाकुन्तलम्, कालिदास, चौखम्बा अमरभारती प्रकाशन वाराणसी, प्रकाशन वर्ष 2010।
6. नाट्यशास्त्र, आचार्य भरत, चौखम्बा संस्कृत संस्थान वाराणसी, प्रकाशन वर्ष 1980।

# नलोपः सुप्स्वरसंज्ञातुग्विधिषु कृति

**डॉ0 सन्तोष माझी**
सहाध्यापकः, व्याकरणविभागः राष्ट्रियसंस्कृतविद्यालयः, तिरुपतिः (आ. प्र.)

**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 48-51

**Publication Issue :**
July-August-2021

**Article History**
Accepted : 03 July 2021
Published : 10 July 2021

**सारांशः-** संस्कृतवाङ्मयस्य व्याकरणग्रन्थेषु सूत्रात्मकं पाणिन्युपज्ञमेव सर्वाङ्गपूर्णमुपलभ्यते। इदं हि प्राचीनवाङ्मयस्यापूर्वनिधिरवश्यं परिसेवनीय संस्कृतप्रपञ्चे विहर्तुकामेन। व्याकरणस्यास्य सुन्दरं सुसङ्गतं सूक्ष्मतमं शब्दप्तकाशनक्षमं रचनाविशेषं दर्शं दर्शं च सर्वे विमर्शनचुञ्चवो विद्वांसो मुक्तकण्ठम् एतत्प्रशंसन्ति। व्याकरणमिदं महर्षिः भगवान् पाणिनिः चन्द्रशेखरं भगवन्तं समाराध्य चतुर्दशसूत्राणि ततोऽवाप्य निरमात्। सूक्ष्मविवेचनपरिपक्वज्ञाननिधिना पाणिनिना स्वीये ग्रन्थे तथा सूत्राणि न्यबध्यन्त यथा तेषु असन्दिग्धावाधितसारवद्बहुतरार्थबोधकाल्पाक्षर-युक्तनिरर्थकवर्णरहितानिन्द्यत्वरूपसूत्रलक्षणम् अन्वितं स्यात्। शिष्टप्रयुक्तानां शब्दानामन्वाख्यानाय प्रवृत्तस्य शब्दशास्त्रस्य परिपूर्णता सम्पिपादयिषुः भगवान् पाणिनिः स्वीये अष्टाध्यायीग्रन्थे अनुवृत्त्यपकर्षसिद्धासिद्धत्व-पौर्वापर्यविभागादिकं सर्वं मनस्याकलय्य सूत्राणि जग्रन्थ। लक्ष्यैकचक्षुष्केण महर्षिणा लक्ष्यसिद्धैकहेतोः त्रिवारमसिद्धत्वमनुशिष्टम् **षत्वतुकोरसिद्धः**[1] (पा.सू . 6.186) **असिद्धवदत्राभात्**[2] (पा.सू. 6.4.22) **पूर्वत्रासिद्धम्**[3] (पा.सू 8.2.1) इति।

**मुख्यशब्दः-** सूत्राणि, व्याकरणग्रन्थः, पाणिनिः, सुपः, समासः, नलोपः।

अष्टमाध्यायस्थे पूर्वत्रासिद्धम् इत्यधिकारे सूत्रमिदं **"नलोपः सुप्स्वरसंज्ञातुग्विधिषु कृति"**[4] इति। राजन् शब्दात् तृतीयाद्विवचने भ्याम् प्रत्यये स्वादिष्वसर्वनामस्थाने इति सूत्रेण नलोपे कृते राजभ्यामिति रूपं सिध्यति। राज भ्याम् इति दशायां सुपि च इति सूत्रेण दीर्घे प्राप्ते त्रिपादीस्थस्य नलोपस्य असिद्धत्वबोधनाय प्रवृत्तमिदं सूत्रम्। यद्यपि पूर्वत्रासिद्धम् इति सूत्रेणैव असिद्धत्वं बोधयितुं शक्य तथापि सिद्धे सत्यारभ्यमाणो विधिर्नियमाय भवति इति न्यायेन सुब्विधौ, स्वरविधौ, संज्ञाविधौ कृति तुग्विधौ एव नलोपोऽसिद्धः नान्यत्र राजाश्व इत्यादौ इत्यर्थबोधनार्थमिदं सूत्रम्। ततश्च राज्ञः अश्वः राजाश्वः इत्यत्र षष्ठीसमासे नलोपोत्तरं सवर्णदीर्घः सिध्यति।

1 पा.सू.- 6/1/86
2 तत्रैव- 6/4/22
3 तत्रैव- 8/2/1
4 तत्रैव- 8/2/2

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use, distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

अत्र सूत्रे भाष्ये सुब्विधिरित्यत्र समासपरीक्षा कृता। सुपः विधिरिति समासे आश्रिते राजभिः, तक्षभिः इत्यादौ नलोपोत्तर भिसः ऐस्विधिरिति सुब्विधानत्वात् नलोपस्यासिद्धत्वात् ऐस्प्रसङ्गो वार्यते। अपि तु राजभ्यामित्यादौ न सुपो विधिः किन्तु सुपि विधिरिति (सुपि च इति विधीयमानस्य दीर्घस्य) असिद्धत्वं न स्यात्। ततश्च दीर्घप्रसङ्गः।

अतः वार्त्तिके सर्वविभक्त्यन्तः समास आश्रितः। सर्वाभिर्विभक्तिभिरिति यद्यपि लभ्यते तथाऽपि सर्वग्रहणमनेकोपलक्षणम्। अनेकाभिर्विभक्तिभिः समास आश्रीयत इत्यर्थः। सुब्विधिरिति श्रुतेनैकेन पदेन कथमनेकार्थावगम इति चेदुच्यते–सुब्विधिपदस्य प्रवृत्तिनिमित्तमनपेक्ष्य सुब्विधिपरवाच्यो यावानर्थः स सर्वोऽप्याश्रीयते। अथवा सुपः विधिरिति सम्बन्धसामान्यषष्ट्या समास आश्रीयते। सुप्परको विधिरपि सुप्सम्बद्ध एवेति तस्यापि सुर्विधित्वं निर्वाधम्।

संज्ञाविधौ नलोपस्य असिद्धत्वे पञ्चन्नित्यत्र षट् संज्ञैव फलम्, तथा हि – पञ्चन् शब्दस्य लोके नकाररहितस्यैव प्रयोगात् अर्थाल्लोकतो नकारापगमात् नान्तलक्षणा षट्संज्ञा न प्राप्नोति। असिद्धवचनात् संज्ञाविधौ नलोपस्य असिद्धत्वेन संज्ञा सिध्यति।

किन्तु संज्ञाविधौ असिद्धत्वस्य नेदं फलं भवितुमर्हति। लोकप्रयोगात् नकारापगम इति तु न युक्तं, तस्य शास्त्राधीनत्वात्। किञ्च लौकिकापगमस्य शास्त्रेणासिद्धत्वमपि दुर्वचम्। अतो नकारान्तस्य षट्सज्ञायां ततो विभक्तिलुकि , ततो नलोपे आनुपूर्व्यैव पञ्चेत्यत्र षट्संज्ञासिद्धौ संज्ञाविधावसिद्धत्वस्य नेद फलम्। एव तर्हि पञ्चभिः, सप्तभिः इत्याद्युदाहरणं भवति। अत्र च नलोपे कृते तस्यासिद्धत्वाश्रयणेन नान्तलक्षणा षट्संज्ञा सिध्यति। यद्यपि नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य इति नलोपः षट्त्रिचतुर्थ्यो हलादिः इति स्वरितविधिशास्त्रं प्रति पूर्वत्रासिद्धम् इत्यनेनैव असिद्धः तथापि नलोपः सुप्स्वर............ इत्येतन्नियमसूत्रमित्यतः स्वरविधौ विशिष्य असिद्धत्वस्य फलमेतत्। अनेन असिद्धत्वेन षट्त्रिचतुर्थो हलादि झल्युपोत्तमम् इति, संज्ञाद्वारा स्वरसिद्धिः।

नलोपः प्रातिपदिकान्तस्य इति सूत्रेण विधीयमानस्य हि नलोपस्य असिद्धत्वमाश्रयणीयम्। नलोप सुप्स्वर......... इति सूत्रे स्वरग्रहणं तु कृतमेवेति स्वरे नलोपस्य असिद्धत्वं सिध्यत्येव। तदेदं स्वरार्थायां षट्संज्ञायामसिद्धत्वं न वक्तव्यम्।

केचित्तु पञ्च ब्राह्मण्यः इत्यत्र पञ्चन् शब्दात् नान्तलक्षणे डीपि प्राप्ते नलोपोत्तरमदन्तलक्षणे टापि च प्राप्ते नलोपस्य असिद्धत्वात् टाब्डीपौ वार्यौ इत्याहुः। "**न षट्स्वस्त्रादिभ्यः**"[5] इत्यत्र स्त्रियां यदुक्तं तन्न भवतीति सामान्येन निषेधाश्रयणात् इत्यपि।

स्त्रियाम् इति सूत्रे भाष्ये प्रातिपदिकस्य स्त्रीत्वे द्योत्ये, स्त्रीत्वे वाच्ये वा स्त्रीप्रत्यया भवन्तीति पक्षः समाश्रायि। स्त्रीसमानाधिकरणात् प्रतिपदिकात् स्त्रीप्रत्यय इति पक्षो नाश्रितः भूतादिष्वतिप्रसङ्गभिया। पञ्च ब्राह्मण्यः इत्यत्र ब्राह्मण्य इति पदे स्त्रीत्वसत्वात् तत्समानाधिकरणात् पञ्चन् शब्दादपि स्त्रीप्रत्यय आपादनीयः। ततश्च अस्य पक्षस्य भाष्यकारैरनाश्रिततत्वात् पञ्चन् शब्दान्डीप्टापौ न भवतः। किञ्च अन्तरङ्गे टापि कर्तव्ये बहिरङ्गस्य नलोपस्यासिद्धत्वेन षट्संज्ञाया निर्वाधितत्वात् न षट्स्वस्त्रादिभ्यः इति निषेधः प्रवर्तत एव। अतश्च षट्संज्ञार्थमसिद्धत्वं नाश्रयणीयम्।

---

[5] अष्टाध्यायी– 4/1/10

एवं तर्हि सज्ञाविधौ किमुदाहरणमिति चेत् दण्डिदत्तौ दत्तदण्डिनौ इति। अत्र हि दण्डी च दत्तश्च इति विग्रहे द्वन्द्वे समासे कृते, सुपो लुकि, नलोपे च प्रवृत्ते दण्डिशब्दस्य घिसंज्ञायां प्राप्तायां द्वन्द्वे घि इत्यनेन घिसंज्ञकस्य समासे पूर्वमेव प्रयोक्तव्यत्वनियमात् दण्डिदत्तौ इत्येकमेव रूप स्यात् , दत्तदण्डिनौ इत्यपि रूपम् इष्टं न सिध्येत्। नलोपस्य सिद्धत्वे तु दण्डिशब्दस्य नान्तत्वेन घिसंज्ञाऽभावात् पूर्वनिपातनियमाभावे रूपद्वयसिद्धिः।

यद्यपि दण्डी च दत्तश्च इति विग्रहे समासे कृते सति पूर्वनिपाते नलोपः, सति नलोपे घिसंज्ञा, सत्यांच घिसंज्ञया पूर्वनिपातः इति चक्रकं प्राप्तं तथापि द्वन्द्वे घि इति सूत्रस्य यस्य पूर्वपदत्वे घित्वं तत्पूर्वमेव प्रयोक्तव्यमित्यर्थः। ततश्च दण्डिन् शब्दस्य सत्युत्तरपदत्वे न घित्वमिति पूर्वनिपाताभावः। नलोपः सुप्स्वर...... इति सूत्रस्यानारम्भे तु नलोपस्य पूर्वत्रासिद्धम् इत्यनेनैवासिद्धत्वात् नान्तत्वात् पूर्वनिपातः कदापि न स्यात्। संज्ञाविधौ नलोपस्यासिद्धत्वे अश्रीयमाणे नान्तत्वात् न घिसंज्ञाप्रसंङ्ग इति न पूर्वनिपातनियमः। दण्डी च दत्तश्च इति विग्रहे चार्थे द्वन्द्वः इति द्वन्द्वविधानात् उभयोरपि प्रथमान्तत्वात् उपसर्जन पूर्वम् इति पर्यायेण पूर्वनिपाते सति रूपद्वयं सिद्धयति। परं द्वन्द्वे घिसंज्ञकः पूर्वमेव प्रयोक्तव्य इत्यर्थकात् द्वन्द्वे घि इत्यनुशासनात् दण्डिन् शब्दे नलोपोत्तरं घित्वे प्राप्ते नलोपस्य सिद्धत्वे नियमेन दण्डिदत्तौ इत्येव रूपं स्यादिति अनियमो न तु स्यात्। एतत्सूत्रारम्भे तु संज्ञाविधौ नलोपस्यासिद्धत्वे आश्रीयमाणे द्वन्द्वे घि इत्यस्य अप्रसक्तौ पूर्वनिपातस्य अनियमेन पक्षे दण्डिदत्तौ, पक्षे च दत्तदण्डिनौ इति रूपद्वयसिद्धिः।

तुग्विधौ वृत्रहभ्याम् वृत्रहभिः इत्याद्युदाहरणम्। वृत्रहन् भ्याम् इति स्थिते नलोपोत्तरं लुप्तं क्विपमाश्रित्य तुक् प्रसजति। नलोपस्यासिद्धत्वात् न तुक्प्रसङ्गः। भाष्ये तु सन्निपातपरिभाषया तुग्वारितः। वृत्रहन् भ्याम् इत्यनयोः सन्त्रिपातं निमित्तत्वेनाश्रित्य प्रवृत्तो नलोपः तयोः सन्निपातं निघ्नन्नपि पश्चात्तयोः सन्निपातविघातकस्य ह्रस्वस्य पिति कृति तुक् इति विधेः निमित्तं न भवत। ततः सन्निपातपरिभाषामाश्रित्यैव तुग्वारयितुं शक्यः। एवं तर्हि कृति तुग्विधौ इति कृन्निमित्ते तुकि असिद्धत्वं यथा स्यात् छनिमित्तके तुकि मा भूदित्येतदर्थं तुग्ग्रहणम्। तथा हि – ब्रह्मघ्नः छत्रम् इति विग्रहे समासे सति ब्रह्मन् छत्रम् इति जाते नलोपे च सति छे च इति तुक् प्राप्तः। अत्र च नलोपः अन्तर्वर्तिनीं विभक्तिमाश्रित्य प्रवृत्त इति विभक्तिपरकत्वानपेक्षत्वेन न सन्निपातपरिभाषाव्यापारः। ततश्च छे च इति तुकि प्राप्ते पूर्वत्रासिद्धमित्यनेन नलोपस्य असिद्धत्वे प्राप्ते नलोपः सुप्स्वर...... इति सूत्रेण कृति तुक्येव नलोपस्यासिद्धत्वनियमात् छनिमित्तकतुकं प्रति नलोपस्य सिद्धत्वेन तुक् सिध्यति। एवं छनिमित्तकं तुकं साधयितुं कृन्निमित्तके तुकि असिद्धत्वमाश्रितम्।

इत्थं च लोकानुजिघृक्षया लक्ष्यसाधनाय सिद्धमपि सूत्रं असिद्धवत्कृत्य तत्रापि बहूनुपायान् समाश्रित्य भगवान् पाणिनिः शब्दव्युत्पादनशास्त्र व्यवातिष्ठिपत्। इति शम्।

## सहायकग्रन्थसूची


1. **अष्टाध्यायीसहजबोधः** – पुष्पा दीक्षित, पाणिनीयशोधसंस्थान, छत्तीसगढ, 2004.
2. **निघण्टु**, यास्कः, श्रीमत्स्वामिदयानन्दसरस्वरीकृतशब्दानुक्रमणिकया सहितः, वैदिक पुस्तकालय अजमेर.
3. **पाणिनीय अष्टाध्यायीसूत्रपाठः** सम्पा–कृष्णदास अकादमी वारणसी,पं सत्यनारायणशास्त्री खण्डुडी, 2012

4. **प्रौढमनोरमा**, (प्रथमो भागः) भट्टोजिदीक्षित, सम्पा. – श्रीसीतारामशास्त्री, काशी हिन्दू विश्वविद्यालयः, वाराणसी, वैक्रमाब्द – 2021

5. **भूषणसार-परमलघुमञ्जुषयोः सिद्धान्तानां समीक्षा**,डा.राममनोहरमिश्रः, सम्पूर्णानन्दसंस्कृतविश्वविद्यालयः, वाराणसी।

6. **लघुशब्दन्दुशेखरः**, नागेशभट्टः, चौखम्बासंस्कृतप्रतिष्ठानदिल्ली – 2001.

7. **लघुशब्देन्दुशेखरः**, वाराणसी, चौखम्बा विद्याभवन, हरिनारायण तिवारी, सम्पा. – 2014.

8. **व्याकरणमहाभाष्यम्,**चौखम्बा संस्कृतप्रतिष्ठान, दिल्ली, 2021

9. **वाक्यपदीयम् (ब्रह्मकाण्डम्)**, भर्तृहरिः, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2006..

10. **वैयाकरणभूषणसारः**, कौण्डभट्टः, चोखम्बासंस्कृतसिरीज्, वाराणसी, 1969.

11. **वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदी**, (संश्रिगिरिधरशर्मा, म. म (मोतीलाल बनारसीदास, देहली, 1997.

12. **वैयाकरणसिद्धान्तकौमुदीतत्त्वबोधिनीसहिता**, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी, 2006.

Shodhshauryam, International Scientific Refereed Research Journal
© 2021 SHISRRJ | Volume 4 | Issue 4 | ISSN : 2581- 6306

# भारत–नेपाल सीमा–विवाद में चीनी हस्तक्षेप का भारत की सुरक्षा पर प्रभाव

**डॉ0 नर्वदेश्वर पाण्डेय**
सह–आचार्य, रक्षा एवं स्त्रातजीय अध्ययन विभाग, का.सु. साकेत पी0जी0 कालेज, अयोध्या,उत्तर प्रदेश,
**राधा जायसवाल**
अनुसंधित्सु, रक्षा एवं स्त्रातजीय अध्ययन विभाग, का.सु. साकेत पी0जी0 कालेज अयोध्या, उत्तर प्रदेश।

**Article Info**
Volume 4, Issue 4
Page Number : 52-55

**Publication Issue :**
July-August-2021

**Article History**
Accepted : 03 July 2021
Published : 10 July 2021

**सांराश :–** 17 वीं शताब्दी में जब नेपाल में गोरखों का शासन था। पृथ्वी नारायण शाह वहां के नरेश थे। तब भारत–नेपाल सीमा का निर्धारण किया गया । उस समय पृथ्वी नारायण ने नेपाल की सीमा को पश्चिम में पंजाब तथा पूर्व में सिक्किम तक बढ़ा लिया। ब्रिटिश और गोरखों का तराई इलाके में युद्ध हुआ और परस्पर बढ़ते विरोध के कारण सन् 1815 में सुगोली समझौता हुआ जिसमें पुनः मार्च 1816 में कुछ संशोधन किया गया। इस युद्ध में नेपाल को अधिक नुकसान उठाना पड़ा। संधि के पश्चात् सन् 1858 में ब्रिटिश सरकार ने तराई के कुछ हिस्सों को नेपाल को वापिस कर दिया गया। तब से भारत व नेपाल के बीच के एक स्थायी सीमा बन गई। पिछले कुछ दिनों में भारत और नेपाल के रिश्तों पर काफी चर्चा हुई है। चर्चा का केन्द्रीय बिन्दु रहा दोनों देशों के बीच का पुराना सीमा विवाद और इस विवाद में नेपाल की स्थिति को लेकर वहां की सरकार का अचानक आक्रमक हो जाना। कुछ जानकार लोगों का मानना है कि नेपाल के इस आक्रमक रूख के पीछे चीन का हाथ है और ऐसा करने के लिए चीन ने नेपाल को उकसाया होगा। यहां तक भारत के सेना प्रमुख जनरल एम. एस. नरवणे ने भी कह दिया था कि लिपुलेख दर्रे के पास भारत द्वारा सड़क बनाने का विरोध नेपाल "किसी और देश के निर्देशों"पर कर रहा है।

**मुख्य शब्द –** नेपाल, भारत, चीन, सीमा विवाद, कालापानी, लिपुलेख, हस्ताक्षेप।

**परिचय :–** नेपाल की सीमा पांच भारतीय राज्यों उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम से मिलती है। भारत में लगभग 1 करोड़ नेपाली है। प्रत्येक साल एक लाख नेपाली भारत में प्रवेश करते है और कुछ प्रतिशत ही वापस जाते है। नेपाली लोगों की बड़ी संख्या भारतीय अर्थव्यवस्था पर निर्भर करती है। भारत–नेपाल के बीच खुली सीमा दोनों देशों के सीमावर्ती निवासियों के लिए लाभदायक है। शिक्षा के क्षेत्र में भारत नेपाल खुली सीमा काफी लाभप्रद है। क्योंकि हजारों नेपाली, तराई क्षेत्र में भारत के विभिन्न भागों में शिक्षा के लिए आते है। भारत में सीमा के पास स्वास्थ्य संस्थायें नेपाल सीमावर्ती निवासियों की बड़ी संख्या को आकर्षित करती है। अन्य नेपालियों को भारत में समान शुल्क पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती है।

नेपाल की भौगोलिक स्थिति भारत को प्राकृतिक सुरक्षा दिए हुए है। यह सभी के सामने स्पष्ट है कि भारत और चीन के बीच नेपाल के होने के कारण ही आकस्मिक मुठभेड़ और संघर्ष की सैकड़ों आशंकाए टल जाती है। ऐसी सुरक्षा अरबों रूपए खर्च करके और सीमा सुरक्षा सेना रखकर भी पाना सम्भव नहीं है।

**भारत नेपाल सीमा विवाद का इतिहास :–** भारत नेपाल की सीमा विवाद कोई नई बात नहीं है। 1990 में नेपाल इस मुद्दे पर अनौपचारिक रूप से बाते करता था। अब उसने इस एजेंडें को औपचारिक रूप से उठाना शुरू कर दिया है। अगर हम इतिहास में जाए तो यह नेपाल और भारत ही है जो अभी भी बार्डर प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर करने के लिए संघर्ष कर रहा है। नेपाल–भारत सीमा मुद्दे पर भारत की और से तो शायद ही कभी आवाज आई हो, लेकिन नेपाल जो

**Copyright:** © the author(s), publisher and licensee Technoscience Academy. This is an open-access article distributed under the terms of the Creative Commons Attribution Non-Commercial License, which permits unrestricted non-commercial use distribution, and reproduction in any medium, provided the original work is properly cited

सन् 1990 से पहले इस मुद्दे को अनौपचारिक रूप से उठाता था। अब उसने इस ऐजेंडे को औपचारिक रूप से टेबल पर लाना शुरू कर दिया है।

सन् 1997 में भारतीय प्रधानमंत्री आई. के. गुजराल की नेपाल यात्रा पर अधिकारिक रूप से सीमा विवाद के मुद्दे पर चर्चा की गई थी। विदेश मंत्री जसवंत सिंह जब 1999 में कठमांडू आए तब फिर से इस पर चर्चा हुई। बाद में इस मुद्दे को दोनों देशों के उच्चस्तरीय संवाद जैसे कई मौकों पर बातचीत की सूची में रख गया। कई महत्वपूर्ण दस्तावेजों में इसका उल्लेख भी है। सबसे पहले यह मुद्दा 23 मार्च 2002 को भारत नेपाल संयुक्त बयान के 27वें पॉइंट में कवर किया गया । यह संयुक्त बयान नेपाल के प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउवा की भारत की अधिकारिक यात्रा के बाद जारी किया गया था। इस दस्तावेज में दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत और नेपाल के बीच वैज्ञानिक तरीकों से अंतरराष्ट्रीय सीमा को सीमांकित करने को बेहद जरूरी बताया था। इसके साथ ही जॉइंट टेक्निकल लेबल बार्डर कमिटी को यह काम 2003 तक पूरा करने का निर्देश दिया था। यह संयुक्त बयान ही था। जिसमें कालापानी क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा गया था कि "इस इलाके को लेकर दोनों पक्षों की धारणांए " अलग अलग है।

इसी तरह, 24 से 26 नवम्बर 2008 में जब भारत के विदेश मंत्री प्रणव मुखर्जी नेपाल दौरे पर थे, तब जारी हुए संयुक्त बयान 13वें पॉइंट में लिखा गया था कि दोनों मंत्रियों ने नोट किया है कि टेक्निकल कमिटी ने भारत–नेपाल सीमा की 98 प्रतिशत वैज्ञानिक स्ट्रिप मैपिंग पूरी कर ली है और आगे कुछ इलाकों में सहमति के साथ मैपिंग पर हस्ताक्षर के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएगें।

इसके अलावा 4 अगस्त 2014 को भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नेपाल की अधिकारिक यात्रा के बाद जारी संयुक्त बयान के 12वें पॉइंट में लिखा गया था। कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने नेपाल–भारत के लंबित पड़े सीमा मुद्दों को जल्द सुलझानें की जरूरत बताई है। 2014 में प्रधानमंत्री मोदी की नेपाल यात्रा से पहले ही इस अयोग ने विदेश सचिव को इस मुद्दे पर काम करने के निर्देश दिये थे। इसीलिए इस संयुक्त बयान में लिखा गया था कि दोनों प्रधानमंत्री लंबित पड़े सीमा विवाद ( जिनमें कालापानी और सुस्ता शामिल है) को सुलझाने के लिए संयुक्त अयोग द्वारा विदेश सचिवों को निर्देशित करने का स्वागत करते है।

भारतीय पक्ष ने सीमा के लगभग 98 प्रतिशत सहमत हो चुके हिस्से पर जल्द हस्ताक्षर करने का जोर दिया। नेपाली पक्ष ने सभी बाकी मुद्दों को भी हल करने की इच्छा व्यक्त की है।

**सीमा विवादित इलाके :–** भारत–नेपाल के बीच सीमा विवाद की वजह कालीपानी, लिपुलेख व लिंपियाधुरा है। नेपाल के विवादित नक्शा जारी करने के बाद से ही दोनों देशों में तनाव स्थिति की बनी हुई है। भारत की और से नवंबर 2019 में नया नक्शा प्रकाशित करने के करीब 6 महीने बाद मई में नेपाल ने अपने देश का नया संशोधित राजनीतिक एवं प्रशासनिक नक्शा जारी किया था। जिसमें नेपाल ने उत्तराखंड के तीन क्षेत्रों पर अपना दावा जताने वाले इस नक्शे को नेपाल की संसद ने मंजूर कर दिया था।

**कालापानी विवादः–** कालापानी विवाद वैसे तो काफी पुराना है लेकिन इसकी ताजा शुरूआत जम्मू कश्मीर के बंटवारे के बाद भारत सरकार के नये नक्शे को जारी करने से हुई। भारतीय गृह मंत्रालय द्वारा हाल ही में जारी किये गये राजनीतिक मानचित्र में कालापानी इलाके को भारतीय सीमाओं के अंदर दिखाया गया है। इस नये नक्शें पर नेपाल ने आपत्ति जताई है। नेपाल के विदेश मंत्रायल द्वारा जारी एक बयान में कहा नेपाल सरकार दृढता से यह मानती है कि कालापानी नेपाल का हिस्सा है। नेपाल भारत सीमा पर कोई भी एक तरफा कार्यवाही नेपाल सरकार के लिए अस्वीकार्य होगी।

भारत–चीन–नेपाल के ट्राई जंक्शन पर स्थित कालापानी इलाका सामरिक रूप से काफी महत्वपूर्ण है। नेपाल सरकार का दावा है कि वर्ष 1816 में उसके और तत्कालीन ईस्ट इंडिया कंपनी के बीच हुई सुगौली संधि के मुताबिक कालापानी उसका इलाका है। हालांकि इस संधि के आर्टिकल 5 में कहा गया है कि नेपाल काली (अब महाकाली) नदी के पश्चिम में पड़ने वाले इलाके में अपना दावा नहीं करेगा। 1860 के दशक में पहली बार इस इलाके में जमीन का सर्वे हुआ था। 1929 में कालापानी को भारत का हिस्सा घोषित किया गया और नेपाल ने भी इसकी पुष्टि की थी।

**लिपुलेख विवाद :–** भारत ने लिपुलेख तक 80 किमी. लम्बा एक सड़क मार्ग तैयार किया था। जिसका रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने वीडियों द्वारा उद्घाटन किया था। ये सड़क चीन सीमा तक आखिरी भारतीय चौकी तक पहुंचती है लेकिन इस सड़क परियोजना को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। क्योंकि नेपाल का कहना है कि ये उसका इलाका है जिस पर भारत अतिक्रमण कर रहा है। नेपाल में यह मामला इस कदर गर्म है कि ना केवल इसे संसद में उठाया गया बल्कि

काठमांडू में भारतीय दूतावास के समाने इसके विरोध में जमकर प्रदर्शन भी हुआ। ये सड़क उत्तराखंड राज्य घटियाबागढ़ को हिमालय क्षेत्र में स्थित लिपुलेख दर्रे से जोड़ती है।

कैलाश मानसरोवर तीर्थयात्रियों को 80 किमी. की यह सड़क बनने के बाद लम्बे रास्ते की कठिनाई से राहत मिलेगी और गाड़िया चीन की सीमा तक जा सकेंगी। धारचुला–लिपुलेख रोड,पिथौरागढ,तवाघाट, घटियाबागढ़ रूट का विस्तार है। ये सड़क घटियाबागढ़ से शुरू होकर लिपुलेख दर्रे पर खत्म होती है जो कैलाश मानसरोवर का प्रवेश द्वार है।

नेपाल का दावा है कि लिपुलेख दर्रा उसका इलाका है। इस दावे के पक्ष में नेपाल ने 1816 की सुगौली संधि का हवाला भी दिया है। नेपाल का कहना है कि सुगौली संधि भारत के साथ उसकी पश्चिमी सीमा का निर्धारण करता है। संधि के तहत महाकाली नदी के पूर्व का इलाका जिसमें लिम्पियाधुरा, कालापानी, और लिपुलेख शामिल है, नेपाल का क्षेत्र है। इतना ही नहीं लिपुलेख दर्रे से लगे और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण कालापानी के इलाके पर नेपाल अपना दावा करता है। हालाकि साल 1962 के भारत–चीन युद्ध के बाद से ही कालापानी में भारतीय सैनिक तैनात है। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने एक अधिकारिक बयान जारी कर कहा " भारत की ये एक तरफा कार्यवाही "दोनों देशो के बीच सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने को लेकर बनी सहमति के खिलाफ़ है।

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अनुराग श्रीवास्तव ने कहा, हाल ही में पिथौरागढ़ जिले में जिस सड़क का उद्घाटन हुआ है, वो पूरी तरह से भारतीय क्षेत्र में पड़ता है। कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले तीर्थ यात्री इसी सड़क से जाते है। भारत ने ये जो सड़क तैयार किया था उसके दो उद्देश्य थे। पहला कैलाश मानसरोवर यात्रा का सुगम करना और दूसरा चीन सीमा पर स्थित भारत की आखिरी चौकी पर जल्दी पहुचना। पहले जब ये सड़क नहीं थी, तब इस सड़क पर पहुचाने में तीन दिन लगते थे, अब इस 80 किलो मीटर के मार्ग को बनने के बाद केवल तीन चार घण्टे ही लगेगें। प्राचीनकाल में तो इसका बहुत महत्व था क्योंकि भारत तिब्बत के बीच आने जाने के लिए इसी रास्ते का इस्तेमाल किया जाता था। लेकिन मानसून की भी संकलन तथा ठंडा में बर्फ से ढका होने के कारण इस तरह से आना जाना बहुत मुश्किल हो जाता है।

उत्तराखण्ड से लगी चीन सीमा पर लिपुलेख दर्रे से 1991 में भारत–चीन व्यापार शुरू किया गया था। गौरतलब है कि भारत–चीन के बीच अपनी तरह का यह एक मात्र जमीनी व्यापार मार्ग है हालांकि दो साल पहले नाथुला दर्रे को भी खोल दिया गया था। लेकिन वहां से नाम मात्र का ही व्यापार होता था।

**भारत की सुरक्षा चिंताः–** भारत नेपाल संबंधो में मतभेद हाल के वर्षों मे ज्यादा देखने को मिल रहा है। जब 2015 में नेपाल के संविधान मंसौदे को लेकर मधेसियों ने आन्दोलन किया था, तब भारत– नेपाल सीमा कई दिनों तक ठप रही थी। नतीजतन, नेपाल ने अपनी कुछ महत्वपूर्ण सीमा चौकियों पर भारत द्वारा आर्थिक नाकेबंदी का आरोप लगाया जिसे भारत ने सिरे से खारिज कर दिया था। लिहाजा, कुछ महीनों तक दोनों देशो के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चलता रहा। इसके बाद फरवरी 2016 में नेपाल प्रधानमंत्री के0पी0 शर्मा ओली ने भारत का दौरा किया और भारत के साथ बेहतर सम्बन्धों की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौर में भारत नेपाल के बीच द्विपक्षीय शिखर बैठक के बाद नौ समझौतो पर हस्ताक्षर किऐ गए और ऐसा लगा कि शायद दोनों देशों के बीच तनाव का दौर खत्म हो गया। लेकिन तभी नेपाल और चीन दोनों एक दूसरे में दिलचस्पी दिखाने लगे फिर नेपाल में राजनीतिक उठा–पटक के बाद सत्ता बदली और आखिरकार के0पी0 शर्मा ओली फिर से प्रधानमंत्री बन गये और इसी वर्ष जून में ओली जब चीन गये तक दोनों देशों के बीच 14 मुद्दो पर समझौते हुए। व्यापार को बढावा देने के लिए चीन–तिब्बत, रेल लिंक समझौता सबसे महत्वपूर्ण रहा। इसके अलावा देखा जाए तो, चीन भारी निवेश कर नेपाल में बुनयादी ढ़ांचा, मसलन–सड़क, बिजली आदि परियोजनाओं पर पहले ये ही काम कर रहा है। हाल ही में नेपाल को कई चीनी बंदरगाहों को उपयोग करने की भी अनुमति मिल गई है। यहीं कारण है कि नेपाल में चीन का दबदबा लगातार बढ़ रहा है और भारत का प्रभाव कम होता दिख रहा है। लिहाजा, यह कहना गलत नहीं होगा कि नेपाल सरकार के महत्वकांक्षा ही भारत–नेपाल रिश्ते में खटास ही मुख्य वजह है।

**निष्कर्ष :–** नेपाल द्वारा बार–बार भारत की उपेक्षा करने के पीछे कई कारक काम कर रहा है। नेपाल में चीन का बढ़ता हस्ताक्षेप नेपाल की आन्तरिक राजनीति और भारत की पडोस नीति की समस्या कुछ ऐसे पहलु है, जो दोनों देशो में मतभेद के कारण बन रहा है। जहां तक चीन का सवाल है तो उसने पिछले कुछ समय में नेपाल, श्रीलंका, बंगालादेश और मालदीप में अपनी सक्रियता बढाई है। वहां पाकिस्तान सहित सभी सार्क देशों को आर्थिक सहायता का लालच देकर

अपने प्रभाव में लाना चहता है। नेपाल में चीन द्वारा भारी निवेश इसी का दूसरा पहलु है अगर नेपाल के आंतरिक राजनीतिक की बात करे तो वहां पिछले 10 सालों में 10 बार सत्ता परिवर्तन हो चुका है। जहीर है कि नेपाल की राजनीतिक अस्थिरता उसकी विदेश नीति को संभलने नहीं दे रही है। वहां एक सशक्त और मजबूत नेता की सख्त जरूरत है। जो पड़ोसी देशों के साथ बेहतर सम्बन्ध अस्थपित कर सके। भारत को अपनी विदेश नीति की समीक्षा करने की जरूरत है भारत को नेपाल के प्रति अपनी नीति दूर–दरदर्शी बनानी होगी। जिस तरह नेपाल में चीन का प्रभाव पड़ रहा है उसे भारत को अपने पड़ोस में आर्थिक शक्ति का प्रदर्शन करने से पहले रणनीतिक लाभ हानि पर विचार करना होगा। भारत और चीन के साथ नेपाल एक आजाद सौदागर की तरह व्यवहार कर रहा है और चीन निवेश के सामने भारत की चमक फिकी पड रही है। लिहाजा भारत को कुटनीतिक सुझबुझ का परिचय देना होगा। भारत अपने पड़ोसी देशों के साथ सम्बन्धों को बिगड़ रहा है और चीन इस मौके का फायदा उठाते हुए भारत को घेरने का प्रयास कर रहा है। लिहाजा भारत को चाहिए रकसौल कठमाडू रेल लिंक परियोजना को तय समय में पूरा करने की तत्परता दिखायें क्योंकि विकास परियोजना के माध्यम से चीन भारत पड़ोसी देशों में अपनी पहुंच अस्थापित कर भारत की समप्रभुता को चुनौती देना का कोई भी कसर नहीं छोड़ता मेरा मान है कि भारत को गंभीर प्रयासों के जरिये नेपाल सहित अपने सभी पड़ोसियों को साधने की जरूरत है। ताकि चीन जो पड़ोसी देशों में घुसकर भारत के लिए खतरा उत्पन्न करने की कोशिश करता है उसे नाकाम किया जा सके।

**संदर्भः–**


1. श्रेष्या, हिरण लाल (नवम्बर 2000), नेपाल–इण्डिया रिलेशंस : सिक्युरिटी इशु, इंस्टीच्यूट ऑफ फॉरन अफेयर्स आइएफए, काठमांडू, नेपाल।
2. चतुर्वेदी, एस0के0 (1983) भारत–नेपाल संबंध, डी0के0 पब्लिशर्स, नई दिल्ली।
3. श्रीवास्तव डॉ0 एन0के0 (1983), भारत की विदेश नीति साहित्य भवन, आगरा।
4. वी0एल0फाडिया, ” अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, 2009।
5. डॉ0 मुकेश देवी, (2017), नेपाल चीन के सम्बन्धः भारत की सुरक्षा चिंता, ब्लू रोज पब्लिशर्स।
6. प्रतियोगता दर्पण।
7. दृष्टि कन्टेट – अफेयर्स टूडे।
8. इंटरनेट
9. न्यूज पेपर
10. बी.बी.सी न्यूज।

Shodhshauryam
International Scientific Refereed Research

Publisher
Technoscience Academy
Website : www.technoscienceacademy.com
Email: info@technoscienceacademy.com

Email: editor@shisrrj.com